




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक

दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग








वर्ष- 13, अंक - 158 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, रविवार 27 मार्च 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-







## खास-खबर

### मुख्य चुनाव अधिकारी का ट्विटर अकाउंट हुआ हैक, रिस्टोर करने की कोशिश जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्य चुनाव अधिकारी का ट्विटर अकाउंट आज सुबह कुछ देर के लिए हैक कर लिया गया। सोशल मीडिया अकाउंट को रिस्टोर करने की कोशिश की जा रही है। वहीं पुलिस की साइबर सेल को भी घटना की सूचना दे दी गई है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शिखा राजपूत तिवारी ने इसकी जानकारी दी। ट्विटर अकाउंट की जांच करने के बाद ऐसा लग रहा है कि किसी क्रिप्टो करंसी गैंग ने इसे हैक किया है। हैकर्स ने क्रिपटो से जुड़ी फोटो लगा दी है। काफी मशक्कत के बाद भी अभी भी इस अकाउंट को रिस्टोर नहीं किया जा सका है। इस अकाउंट को अभी भी हैकर्स संचालित कर रहे हैं और उनकी तरफ से हर सकेंड कुछ न कुछ साझा किए जा रहे हैं।

### योगी, मोदी से प्यार करते हैं मुसलमान-दानिश आजाद अंसारी

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार का हिस्सा बने दानिश आजाद अंसारी का मानना है कि मुस्लिम समुदाय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम आदित्यनाथ को पसंद करता है। साथ ही उन्होंने कहा कि मुसलमानों को भारतीय जनता पार्टी का काम पसंद है। खास बात है कि अंसारी को मोहसिन रजा के स्थान पर सरकार में शामिल किया गया है। रजा भी पिछली सरकार में एकमात्र मुस्लिम मंत्री थे।




# भिलाई सुपेला में अवैध अतिक्रमण पर चला निगम का बुलडोजर

## सड़कों पर व्यापार करने वालों पर नगर निगम भिलाई की कार्रवाई






श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सुपेला चौक से गदा चौक की ओर गुजरने वाली सड़क पर रविवार के दिन अवैध अतिक्रमण कर फेरीवाले बेतरतीब तरीके से सड़क पर ठेला लगाकर अपने व्यापार को रविवार को संचालित करने वालों के खिलाफ आज जिला पुलिस व नगर निगम की टीम सुबह से ही संडे मार्केट में मौजूद रही ताकि सड़क के बीच अपना व्यापार ना लगा सके। इस दौरान नगर निगम में बुलडोजर सहित अन्य गाड़ियों की भी व्यवस्था कर रखी थी जिसे बेतरतीब तरीके से कारोबार कर रहे हैं लोगों पर कार्रवाई कर सके।

बता दे आपको 1 दिन पूर्व ही नगर निगम भिलाई के कमिश्नर प्रकाश सर्वे ने खबरों के माध्यम से चेतावनी देकर कहा था अगर रविवार के दिन संडे मार्केट में सड़क को जाम कर व्यवसाय करने वालों के खिलाफ सख्त सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिसका समर्थन चेंबर के लोगों ने भी किया। व्यापार करने वाले अपनी जगह पर अपना व्यापार सुचारू रूप से करें पर सड़क पर किसी भी प्रकार का व्यापार करने की छूट नहीं दी जाएगी। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े। छोटे से छोटे बड़े से बड़े वाहन भी उस तरफसे आसानी से गुजर सके। इसी कड़ी में आज नगर निगम भिलाई की टीम में प्रमुख रूप से कमिश्नर प्रकाश सर्वे सहित डिप्टी कमिश्नर द्विवेदी, डिप्टी कमिश्नर सुनील अग्रहरि सहित बड़ी संख्या में नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी इस कार्यवाही के दौरान मौजूद रहे।

वही पूरी प्रक्रिया में दुर्ग पुलिस ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई सुबह से ही दुर्ग पुलिस के अधिकारी व जवान संडे मार्केट में मौजूद रहे सभी को हिदायत दी गई व्यापार अपनी जगह पर ही करें। कोई सड़क पर दुकान ना लगाएं। इस दौरान नगर निगम के तोड़ू दस्ता के द्वारा अवैध अतिक्रमण पर भी बुलडोजर चलाया गया। पुलिस के अधिकारियों में भिलाई नगर सीएसपी राकेश जोशी, छावनी सीएसपी के डी पटेल, डीएसपी गुरजीत सिंह, जामुल थाना प्रभारी गौरव पांडे, सुपेला थाना प्रभारी सुरेश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी इस कार्रवाई में अभी डटे हैं।

# खैरागढ़ उपचुनाव में हमारी जीत तय, सीएम भूपेश बोले- भाजपा को स्थानीय नेतृत्व पर भरोसा नहीं, बाहर से बुला रहे प्रचारक



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुंबई से देर शाम रायपुर लौट आए। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और यहां के नेताओं पर तंज कसा। सीएम भूपेश ने कहा कि भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदेश के नेतृत्व को नकार रही है। इन पर भरोसा नहीं है, इसलिए दूसरे राज्यों के नेताओं को प्रचार के लिए बुलाया जा रहा है। भाजपा की प्रदेश प्रभारी पुरंदेश्वरी भी इनकी उपेक्षा करती है। राष्ट्रीय नेतृत्व यहां के भाजपा नेताओं से किनारा करने लगे हैं।

सीएम भूपेश ने राजनांदगांव जिले के खैरागढ़ उप चुनाव को लेकर कहा कि हमारी जीत तय है। भाजपा घबराई हुई है। भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदेश के नेतृत्व को नकार रही है। उप चुनाव में दूसरे राज्यों के नेताओं का सहारा लेना पड़ रहा है। दूसरे राज्यों के नेताओं को स्टार प्रचारक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय नेतृत्व के नेताओं पर भरोसा नहीं है। प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी भी यहां के नेताओं को तवज्जों नहीं देती। भूपेश बघेल इससे पहले भी कई बार कह चुके हैं कि दिल्ली में यहां के भाजपा नेताओं की कोई पूछ-परख नहीं है। राष्ट्रीय नेतृत्व स्थानीय नेताओं को नकार दिया है।

### कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में 27 के नाम

इधर वरिष्ठ मंत्री ताम्रध्वज साहू को खैरागढ़ उपचुनाव की कमान सौंपी गई है। ताम्रध्वज साहू कांग्रेस की चुनाव अभियान समिति के संयोजक बनाये गए हैं। इस समिति में राज्य के वरिष्ठ नेताओं के साथ खैरागढ़ के प्रमुख कांग्रेस नेताओं को स्थान दिया गया है। वहीं कांग्रेस ने खैरागढ़ उप चुनाव को लेकर स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, जिसमें कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया, सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी चीफमोहन मरकाम समेत 27 दिग्गजों का नाम हैं।

### प्रदेश के सभी 90 विधानसभा में जाएंगे

सीएम भूपेश ने 90 विधानसभा के दौरे को लेकर कहा कि पूरे प्रदेश का दौरा करेंगे। सभी विधानसभा को छूने की मेरी कोशिश रहेगी। वहां के स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे और प्रदेश में चल रहे सरकार की योजनाओं का फीडबैक लेंगे। उन्होंने ऑनलाइन परीक्षा को लेकर हस्र्छ पदाधिकारियों के मुलाकात पर कहा कि कल एनएसयूआई के पदाधिकारी आए थे। उन्होंने ऑनलाइन परीक्षा की मांग की है, इसमें विचार किया जाएगा।

# दुश्कर्म के आरोपी कांग्रेस नेता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

श्रीकंचनप न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के चिखली चौकी क्षेत्र में बड़ा मामला सामने आया है। यहां कांग्रेस के एक नेता पर उसके पड़ोस में रहने वाली शादीशुदा महिला ने रेप का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं महिला ने कांग्रेस नेता पर उसके पति को भी जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है। महिला की शिकायक के आधार पर शनिवार को पुलिस ने कांग्रेस नेता को गिरफ्तार भी कर लिया है। कांग्रेस नेता शहर कांग्रेस कमेटी का सचिव है। इस घटना के संबंध में चिखली चौकी प्रभारी शक्ति सिंह ने जानकारी दी।

महिला ने शुक्रवार को पुलिस से इस मामले की शिकायत की थी। महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि कांग्रेस नेता विकास गजभिये उसके घर के पड़ोस में रहता है। महिला ने बताया कि विकास ने उससे रेप किया। इतना ही नहीं विकास ने उसके पति को भी जान से मारने की धमकी दी। साथ ही किसी से घटना के बारे में बताने पर उसको पीटने की भी धमकी दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी कांग्रेस नेता के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 के तहत केस दर्ज किया है। मामला दर्ज करने के बाद देर शाम पुलिस ने कांग्रेस नेता विकास गजभिये को गिरफ्तार भी कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गौरतलब है कि विकास काफी लंबे समय से कांग्रेस के साथ है। वह वर्तमान में शहर कांग्रेस कमेटी का सचिव भी है। इसके साथ ही शहर के दिग्विजय कॉलेज में जनभागीदारी समिति का सदस्य भी है। ये समिति कॉलेज के विकास के लिए काम करती है।

# मवेशियों के चारे के साथ 41 लाख का गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ आया तस्कर, बिलासपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा




श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में गांजा तस्करी का मामला लगातार सुर्खियों में है। पुलिस को चकमा देने तस्कर हर बार नया तरीका अपनाते हैं, फिर भी हत्थे चढ़ जा रहे हैं। बिलासपुर पुलिस ने ओडिशा से पशु आहार की आड़ में गांजा तस्करी करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। तस्कर दो मुख्य सरगनाओं के लिए गांजे की खेप लेकर बिलासपुर पहुंचा था। पुलिस ने मिनी ट्रक के ड्राइवर को 41 लाख रुपये के माल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी ओडिशा का निवासी है।

एएसपी सिटी उमेश कश्यप ने बताया कि क्राइम-साइबर यूनिट के इंचार्ज हरविंदर सिंह और उनकी टीम को सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की मिनी ट्रक में शनिवार को ओडिशा से रायगढ़ के रास्ते बिलासपुर जिले के दो गांजा तस्कर हरीश साहू और विष्णु सोनी को माल पहुंचाने आ रहा है। क्राइम-साइबर यूनिट और नारकोटिक्स सेल के एसआई सागर पाठक की टीम ने धूमा तिराहा पर तड़के करीब 4.30 बजे चेकिंग प्वाइंट लगाया। कुछ देर बाद पुलिस टीम को सामने से आती मिनी ट्रक दिखाई पड़ी।

### मोबाइल नंबर ने पहुंचाया तस्करों तक

एएसपी उमेश कश्यप ने बताया कि क्राइम-साइबर यूनिट को लगातार सूचना मिल रही थी कि हरीश साहू और विष्णु सोनी द्वारा पिछले कुछ दिनों से गांजे की बड़ी खेप शहर व आसपास में खपाया जा रहा है। पुलिस ने सभी का मोबाइल नंबर लोकेट किया, जिससे आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा। ड्राइवर के फोन नंबर व उससे की गई पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह पिछले कई महीनों से हरीश साहू निवासी मोपका व विष्णु सोनी निवासी बलौदा के लिए ओडिशा से गांजा ला रहा है। हरीश साहू व विष्णु सोनी फरार है, जिसकी सरगर्मी से पुलिस तलाश कर रही है।

### बैरियर तोड़कर भागने लगा आरोपी डॉक्टर


पुलिस टीम को देखते ही ट्रक ड्राइवर डॉक्टर बेहरा (48 वर्ष) निवासी मार्केटसाही पोस्ट व जिला देवगढ़ (ओडिशा) को रोकने का प्रयास किया, लेकिन ड्राइवर बैरियर तोड़कर भागने लगा। दूसरे वाहन से पीछा कर मिनी ट्रक को रोका गया। पुलिस टीम को देखकर भागने का कारण पूछने और मिनी ट्रक की तलाशी लेने पर पशु आहार के नीचे 12 बोरियों में कुल 4 क्विंटल 10 किलो गांजा जब्त किया गया। तलाशी से पहले ट्रक चालक डॉक्टर बेहरा पुलिस को लगातार गाड़ी में पशु आहार होने की बात कहता रहा। एएसपी सिटी उमेश कश्यप ने बताया कि आरोपी पूरा माल तखतपुर क्षेत्र के किसी पोल्ट्री फार्म में छोड़ने जा रहा था। ट्रक में लगा रायपुर नंबर फर्जी निकला है। गाड़ी ओडिशा पासिंग है।

# कोरोना से बड़ी राहत: बीते 24 घंटों में 1500 से भी कम मामले, 149 लोगों की मौत, 1826 लोग हुए स्वस्थ

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में कोरोना के मामलों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी रविवार के आंकड़े के अनुसार बीते 24 घंटों में कोरोना के केवल 1,421 मामले सामने आए हैं। वहीं इस दौरान 149 लोगों की मौत भी हुई और 1,826 लोग डिस्चार्ज हुए। सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि देश में अब केवल 16 हजार 187 सक्रिय मामले ही बचे हैं। सक्रिय मामलों में भारी कमी का मतलब है कि कोरोना संक्रमित मरीज तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। वहीं महामारी की शुरुआत से अब तक स्वस्थ होने वाले कुल मरीजों की संख्या 4.24 करोड़ (4,24,82,262) हो गई है।

दिल्ली में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 120 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 122 लोग स्वस्थ भी हुए और शून्य मौतें दर्ज की गईं। 13 जनवरी को 28,867 के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छूने के बाद दिल्ली में दैनिक मामलों की संख्या में गिरावट आई है।

मुंबई में बीते 24 घंटों में कोरोना के 33 नए मामले सामने आए जिससे यहां संक्रमितों की संख्या बढ़कर 10,57,786 हो गई। अधिकारियों ने बताया कि महानगर में पिछले 24 घंटे में किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई और मृतकों की संख्या 19,558 पर स्थिर है। मुंबई में वर्तमान में 252 उपचाराधीन मामले हैं।



### छत्तीसगढ़ में मिले कोरोना के 12 नए मामले, कोई मौत नहीं

रायपुर। छत्तीसगढ़ में शनिवार को कोरोना के 12 मामले दर्ज किए गए और कोई मौत नहीं हुई। अब राज्य में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 11,52,050 हो गई है, जबकि मरने वालों की संख्या 14,034 है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी कि कोरोना संक्रमण की सकारात्मकता दर प्रति 100 परीक्षणों में 0.14 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि शनिवार को पांच लोगों ने घर पर आइसोलेशन पूरा किया और संक्रमण से रिकवरी की। इसी के साथ ठीक होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 11,37,869 हो गई, जिससे राज्य में 147 सक्रिय मामले सामने आए।

# आंबेडकर और फूले का जिक्र, कारोबार की फिक्र 'मन की बात' में पीएम नरेंद्र मोदी का बड़ा संदेश

- **भाषाओं और बोलियों में समाई हुई है भारत की संस्कृति, यही विविधताएं हमारी एकता और हम एक करती है**



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पीएम नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि जब एक एक भारतवासी लोकल के लिए वोकल होता है तो लोकल ग्लोबल बन जाता है। उन्होंने कहा कि भारत ने 400 अरब डॉलर के एक्सपोर्ट का लक्ष्य हासिल कर लिया है। इससे भारत की क्षमता का हमें पता चलता है। साफहै कि भारत के सामान की दुनिया में मांग बढ़ रही है। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हाल ही में पद्म सम्मान दिए गए हैं। इस दौरान लोग स्वामी शिवानंद को देखकर हैरान रह गए कि कैसे वह इतनी लंबी आयु के बाद भी फिट बने हुए हैं। उनकी सेहत देश में चर्चा का विषय बन गई है। उनके अंदर योग का जुनून रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भर में योग का आकर्षण बढ़ रहा है। इसके अलावा आयुष उद्योग में भी तेजी देखने को मिल रही है। इस दौरान पानी बचाने की अपील करते हुए पीएम ने कहा कि सदियों पहले रहीम दास कह कर गए हैं कि रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में जल संरक्षण और जल स्त्रोतों की सुरक्षा समाज के स्वभाव का हिस्सा रहा है। मुझे खुशी है कि देश में बहुत से लोगों ने जल संरक्षण को ही जिंदगी का मिशन बना दिया है। ऐसे ही शख्स हैं, चेन्नै के अरुण कृष्णमूर्ति। उन्होंने 150 से ज्यादा तालाबों की सफाई कराई है। इसके अलावा महाराष्ट्र के रोहन काले का भी पीएम नरेंद्र मोदी ने जिक्र किया, जो लंबे समय से कुंओं की सफाई का काम कर रहा है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने इस दौरान माधवपुर मेले का भी जिक्र किया। यह मेला गुजरात के पोरबंदर में समुद्र के पास माधवपुर गांव में लगता है। उन्होंने कहा कि इसका नाता पूर्वी भारत से भी है। कहा जाता है कि भगवान कृष्ण का विवाह पूर्वोत्तर की राजकुमारी रुक्मिणी से हुआ था। यह विवाह माधवपुर में संपन्न हुआ था और उसकी याद में ही आज भी यह मेला लगता है। पीएम मोदी ने कहा कि एक सप्ताह तक यह मेला भारत की एकता की मिसाल बन जाता है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को इस मेले के बारे में जानना चाहिए।

'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को याद करते हुए उनकी जयंतियों को मनाने का भी आह्वान किया। ज्योतिबा फुले की जयंती 11 अप्रैल को होती है, जबकि 14 अप्रैल को आंबेडकर की जयंती होती है। पीएम मोदी ने कहा कि हमें बाबासाहेब के कार्यों में भी हमें ज्योतिबा फूले की पूरी छाप देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि वे बेटियों को जरूर पढ़ाएं। उन्हें स्कूल में एडमिशन दिलाएं। पीएम मोदी ने कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर से जुड़े पंचतीर्थों पर काम करने का भी हमें मौका मिला है। उन्होंने कहा कि मुझे उनसे जुड़े सभी तीर्थस्थलों पर जाने का मौका मिला है।

### 75 सरोवर बनाने का लक्ष्य तय करें

मन की बात में पीएम ने कहा कि मैं उस राज्य से आता हूं, जहां पानी की हमेशा से कमी रही है। वहां वाव की परंपरा रही है, जिसे अन्य इलाकों में सीढ़ी वाले कुएं कहा जाता है। वहां बावड़ियों के जरिए जल स्तर सुधारने में मदद मिली है। देश भर में चेक डैम आदि के जरिए यह काम किया जा सकता है। हम लक्ष्य तय कर सकते हैं कि आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर हम हर जिले में 75 सरोवर बना सकते हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम की यह भी खूबी है कि मुझे अलग-अलग भाषाओं में लोगों के संदेश मिलते हैं। भारत की संस्कृति हमारी भाषाओं, बोलियों में समाई हुई है। ये विविधताएं हमारी ताकत है। पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक यही विविधता हमें एक करती है।

## संपादकीय

# राजनीति में हिंसा रुके

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय नेता की हत्या के बाद जिस तरह से आठ लोगों को जिंदा जलाकर मार डाला गया, उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सभी दोषियों को सजा दिलाने की बात कही है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा है कि इसमें केंद्र, राज्य सरकार की हर तरह से मदद करने को तैयार है। इसके साथ मोदी ने राज्य के लोगों से ऐसी हिंसक घटनाओं को बढ़ावा देने वाले लोगों को कभी माफ न करने की अपील की। प्रधानमंत्री के बयान को आधार बनाएं तो ऐसी घटना के बाद जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों से ऐसे ही संयत और गंभीर रुख की अपेक्षा की जाती है।

राज्य में इस घटना को लेकर जिस तरह से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल जगदीप धनकड़ आमने-सामने नजर आए और दोनों में तीखी बयानबाजी हुई, वह वाकई निराशाजनक है। मुख्यमंत्री ने घटना की निष्पक्ष जांच का आश्वासन देते हुए भी इसके पीछे राज्य को बदनाम करने की संभावित साजिश का जिक्र कर दिया। ऐसे बयान उन आशंकाओं को मजबूती देते हैं कि कहीं जांच प्रक्रिया को खास दिशा देने की कोई मंशा तो काम नहीं कर रही। बहरहाल, बीरभूम की घटना पश्चिम बंगाल के लिए न तो नई है और न ही आश्चर्यजनक। संगठित हिंसा यहां की राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा काफी पहले से बनी हुई है।

> ममता बनर्जी न केवल तृणमूल कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता और राज्य की मुख्यमंत्री हैं बल्कि हालिया विधानसभा चुनावों में बीजेपी को पराजित करने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष का संभावित साझा चेहरा भी मानी जा रही हैं। ऐसे में उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति दुरुस्त रखने के साथ ही हिंसा की संस्कृति खत्म कर वहां लोकतांत्रिक राजनीति का दायरा बढ़ाने की चुनौती भी उनके सामने है। इस दिशा में कारगर प्रयासों से ही राष्ट्रीय राजनीति में विकल्प के उनके दावे को प्रामाणिकता मिलेगी।

तीन दशकों से ऊपर के लेफ्ट शासन के दौरान यहां राजनीतिक और सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में सीपीएम कार्यकर्ताओं का वर्चस्व स्थापित हो चुका था। अपने लिए स्पेस बनाने की विरोधी पार्टियों की कोशिशों से उस दौरान प्रायः हिंसक तरीकों से ही निपटा जाता था। ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस ने लेफ्ट पार्टियों के वर्चस्व को तो खत्म किया, लेकिन राजनीति की इस शैली को बदलने का कोई खास प्रयास भी उसकी तरफ से होता नहीं दिखा। नतीजा यह कि जिस 'सिंडिकेट कल्चर' को कोसते हुए तृणमूल सत्ता में आई, वह और व्यापक हुआ। इसी का नतीजा है कि राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी होने के बावजूद जब तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय नेता की हत्या होती है तो उसके शोक संतप्त समर्थक भी इंसाफ के लिए पुलिस और प्रशासन का मुंह देखने के बजाय खुद कानून हाथ में लेकर संदिग्धों को तत्काल सजा देने का अभियान शुरू कर देते हैं। ममता बनर्जी न केवल तृणमूल कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता और राज्य की मुख्यमंत्री हैं बल्कि हालिया विधानसभा चुनावों में बीजेपी को पराजित करने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष का संभावित साझा चेहरा भी मानी जा रही हैं। ऐसे में उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति दुरुस्त रखने के साथ ही हिंसा की संस्कृति खत्म कर वहां लोकतांत्रिक राजनीति का दायरा बढ़ाने की चुनौती भी उनके सामने है। इस दिशा में कारगर प्रयासों से ही राष्ट्रीय राजनीति में विकल्प के उनके दावे को प्रामाणिकता मिलेगी।

## निर्यात में भारत का चौका

भारत के लिए यह खुश खबर है कि इस साल भारत का निर्यात 400 बिलियन डालर से भी ज्यादा का हो गया है। भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार का यह अब तक का सर्वोच्च प्रतिमान है। भारत ने इतना निर्यात पहले कभी नहीं किया। निर्यात का यह आंकड़ा सरकार ने तय जरुर किया था लेकिन उनको भी विश्वास नहीं था कि भारत इस ऊँचाई तक पहुंच जाएगा। इसके दो कारण थे। एक तो कोरोना महामारी और दूसरा विश्व बाजारों की शिथिलता। लेकिन इसके बावजूद भारत के माल को सारी दुनिया के बाजारों में पसंद किया गया और उन्हें जमकर खरीदा गया।

यूरोप में चल रहे रूस और यूक्रेन का युद्ध भी हमारे निर्यात की बढ़ोतरी में आड़े नहीं आया। 2018-19 के पिछले साल में भारत का निर्यात 330 बिलियन डॉलर का था। उसमें 21 प्रतिशत की वृद्धि हो गई। केंद्रीय व्यापार मंत्री पीयूष गोयल ने भारत के व्यापार-उद्योग में लगे लोगों की कार्यकुशलता, प्रामाणिकता और परिश्रम की जो प्रशंसा की है, वह उचित ही है। ठंडे बाजार और महामारी की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कई चीजों की कीमतें घट गईं तो उनकी मात्रा बढ़ गई। बढ़ी हुई मात्रा ने पैसों की आवक भी बढ़ाई और मुनाफा भी। यह भी हुआ कि बाजारों और उत्पादन की विश्व-व्यापी शिथिलता के कारण कई चीजों की कमी हो गई तो उनकी कीमतें बढ़ गईं। जैसे मोटर के कल-पुर्जो, अनाज से बनी वस्तुएं, चावल, गलीचों और फलों के रस से भारत की आमदनी बढ़ गई। हमारा इंजीनियरी सामान सारी दुनिया में पसंद किया जाता है। उसकी बिक्री दुगुनी हो गई। बिजली के सामान का निर्यात 42 प्रतिशत बढ़ गया। जेवरात का निर्यात कूदकर 57.3 प्रतिशत बढ़ गया। पेट्रोलियम चीजें 147.6 प्रतिशत बढ़ गई। याने भारत चाहे तो अगले कुछ वर्षों में इन्हीं चीजों का निर्यात इतने बड़े पैमाने पर कर सकता है कि वह अमेरिका और चीन के नजदीक पहुंच सकता है। अमेरिका और चीन से आगे निकलना तो आज असंभव लगता है। ये दुनिया के दो सबसे बड़े निर्यातक देश हैं। इनका निर्यात का आंकड़ा भारत से कई गुना बड़ा है। दोनों देश लगभग 2500 बिलियन डॉलर का निर्यात करते हैं। उनका आयात भी कहीं ज्यादा है।

**वेद प्रताप वैदिक**

> तमाम मुस्लिम ड्राइवर ऐसे थे, जो अपनी जान की परवाह किए बिना अपने हिंदू पड़ोसियों को सकुशल घाटी से बाहर निकाल लाए। बाद के वर्षों में भी ऐसे लोगों का मेल-मिलाप पुराने रसूख के साथ जारी रहा। घाटी में हिंदुओं के साथ मुसलमानों के भी घर आतंकियों ने तबाह किए। इनमें से बहुतों को अपनी मूल रिहाइश से बेदखल तक होना पड़ा। द कश्मीर फाइल्स में एकाध घटनाएं इस तरह की भी शामिल कर ली गई होतीं, तो लोगों तक समूची तस्वीर सही तौर पर पहुंच पाती।

# कश्मीरी पंडितों पर करम नहीं

शशि शेखर

पिछले हफ्ते मैंने दो फिल्में देखीं। पहली, द कश्मीर फाइल्स और दूसरी, 83। एक, भारतीय संविधान और सत्ता की लिजलिजी कमजोरी को उजागर कर रही थी, तो दूसरी हिन्दुस्तानी जियालों की जिजीविषा को। मैं यहां द कश्मीर फाइल्स पर विस्तार से चर्चा करना चाहूंगा।

इसमें कोई दो राय नहीं कि इस फिल्म ने उन तमाम जख्मों को, जो नासूर की भांति अंदर ही अंदर रिस रहे थे, उघाड़कर रख दिया है। अमनपसंद कश्मीरी पंडितों को जिस तरह जलील कर अपनी ही सरजमीं से बेदखल किया गया, ऐसी कालिख भरी कथाएं इतिहास में दुर्लभ हैं। इनमें से कई पहले भी छन-छनकर बाहर आती रहीं, पर इस फिल्म ने समय की गर्त में दबते जा रहे आहत सत्य को समग्रता से देखने के लिए समूचे देश को प्रेरित किया है। मैं फिल्म के निर्माता-निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री की इस बात से भी सहमत हूं कि इस फिल्म में जो दिखाया गया, हालात उससे भी कहीं ज्यादा बदतर थे।

दरअसल, बगावती खूंरेजी के छिटपुट संकेत साठ के दशक से ही मिलने शुरू हो गए थे। एक भूली-बिसरी कहानी से अपनी बात समझाने की कोशिश करता हूं। फरवरी, 1967 में श्रीनगर के नवाकदल इलाके में बीएसएफ के एक सशस्त्र गार्ड को धारदार हथियारों से जीते-जी क्षत-विक्षत कर दिया गया था। उस समय की हुकूमत ने ड्यूटी पर तैनात वरदीधारी के इस दर्दनाक अंजाम को जरूरत के मुताबिक गंभीरता से नहीं लिया। क्या वे वाकई इतने नादान थे कि अपने सूबे की फिसलन का अंदाज नहीं लगा सके?

उस दौरान जम्मू और कश्मीर में विधानसभा चुनाव चल रहे थे। इस चुनाव में कांग्रेस ने जीत हासिल की थी और गुलाम मोहम्मद सादिक दोबारा मुख्यमंत्री की कुरसी पर जा विराजे। संयोगवश, इंदिरा गांधी एक साल पहले ही दिल्ली के सिंहासन पर आसीन हुई थीं। कश्मीरी होने के नाते वह यकीनन वहां के हालात को समझती थीं। कश्मीर और कश्मीरियों को मुख्यधारा में लाने के लिए अगर तभी से कोशिशें शुरू हो जातीं, तो शायद हम एक बड़े खून-खराबे से बच गए होते। यहां मुझे फारुख अब्दुल्ला का बयान याद आ रहा है। उन्होंने हाल में कहा कि मेरा दिल पंडितों के पलायन से रोता है। ऐसा जरूर होता होगा, पर यह भी सच है कि बहुत सी खौफनाक घटनाएं उनके सत्ताकाल में हुईं। वह अन्य मुख्यमंत्रियों की तरह उन्हें रोकने में नाकामयाब साबित हुए।

आप चाहें, तो 13 अक्तूबर,1983 के घटनाक्रम को याद कर सकते हैं। उस दिन श्रीनगर में भारत और वेस्टइंडीज के बीच एकदिवसीय मैच खेला गया था। कपिल देव की अगुवाई में कुल चार महीने पहले ही भारत ने विश्व कप जीता था। कायदे से उनकी टीम का घाटी में जबरदस्त खैरमकदम होना चाहिए था, पर हुआ उल्टा। भारतीय क्रिकेटरों को दर्शकों की ओर से भद्दी-भद्दी गालियां दी गईं और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया गया। मुझे 83 देखते वक्त बार-बार यह मलाल सताता रहा कि जिन खिलाड़ियों ने देश का माथा ऊंचा किया, उनके साथ अपने ही देश में ऐसा घृणित व्यवहार क्यों किया गया? वे लाइव टीवी और





सोशल मीडिया के दिन नहीं थे, इसलिए अधिकांश अखबारों में दर्शकों की इस बेहूदगी की खबर उस तरह से नहीं छपी, जिस तरह छपनी चाहिए थी, पर दिल्ली और श्रीनगर के हुक्मरान इस शर्मनाक वाकये के संकेत क्यों नहीं समझ सके? तय है, 1967 से 1983 के बीच पाकिस्तान प्रेरित अलगाववादियों ने खुद को भारतीय राज-व्यवस्था से कहीं अधिक मजबूत कर लिया था। वह मैच आंधी और तूफान की वजह से बीच में रोकना पड़ा था, पर घाटी की खूबसूरती के पीछे जो बवंडर आकार ले रहा था, उसे या तो समझा नहीं जा रहा था या जान-बूझकर दरकिनार कर दिया गया था। तीन साल बाद 1986 में घाटी के तमाम शहरों में हिंदू-विरोधी दंगे हुए। समझदार कश्मीरी पंडितों ने तभी से अपना बोरिया-बिस्तर समेटना शुरू कर दिया। कुछ ने अपने परिजनों को जम्मू या देश के अन्य हिस्सों में बसने के लिए भेज दिया था। बड़ी संख्या में पंडित तब भी घाटी में डटे रहे। उन्हें अपने हुक्मरानों से आस थी कि वे हंगामा करने वालों पर काबू पा लेंगे। उन्हें हताश और निराश होना पड़ा। कश्मीर से बाहर आ बसने वाले लोग तब भी बताते थे कि वहां सांप्रदायिकता की शक्ल में अलगाववाद किस तरह पांव पसार रहा है। मस्जिदों में अजनबी चेहरे प्रकट होने लगे थे और जगह-जगह हिंसा कर अल्पसंख्यकों को डराने की कोशिश हो रही थी। जो नहीं जानते, उन्हें बता दें कि कश्मीर घाटी में हिंदू और सिख हमेशा से अल्पसंख्यक थे। बाहर आ बसे लोगों की शिकायत थी कि हुकूमत उनकी सुनती नहीं। श्रीनगर के हुक्मरां अलगाववादी नहीं थे, पर अलगाववादियों के खिलाफ सार्थक कार्रवाई भी नहीं कर रहे थे। इसकी वजह से जम्मू-कश्मीर पुलिस में पाकिस्तानपरस्त लोगों का दबदबा बढ़ रहा था। 'उधर' से आने वाले 'इधर' के बिरादरों को अपने जैसा बनाने की कोशिशों में जुटे थे। यही वजह है कि पुलिस अल्पसंख्यक उत्पीड़न की शिकायतों पर अक्सर कामचलाऊ रवैया अख्तियार करती।

इस अंदर से खोखले हो चुके तंत्र की शर्मनाक सच्चाई 8 दिसंबर, 1989 को समूचे तौर पर बेपरदा हो गई, जब दहशतगर्दों ने दिनदहाड़े देश के तत्कालीन गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया को अगवा कर लिया। कंपकंपाती विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार ने उसे छुड़ाने के लिए पांच खूंखार आतंकवादियों की रिहाई का प्रस्ताव मानकर व्यवस्था के ताबूत में निर्णायक कील ठोक दी। आगे की खौफनाक वारदातों की यह फैसलाकुन शुरुआत थी। मैं यहां घटनाओं की तफसील में जाए बिना सिर्फ इतना कहना चाहूंगा कि अगर 1960 के दशक में हमने पाकिस्तान के 'प्रॉपगेंडा वार' और कश्मीरी हुक्मरानों की बदनीयती को पहचानकर भारतीय राष्ट्र-राज्य की संकल्प शक्ति का प्रयोग किया होता, तो यकीनन हालात इतने नहीं बिगड़ पाते। लाखों की तादाद में कश्मीरी पंडितों का पलायन उन सभी सत्ताधारियों के मुंह पर तमाचा है, जो संविधान की रक्षा की शपथ लेकर सत्ता-सदनों में प्रविष्ट हुए थे। ऐसे राष्ट्र अपना अस्तित्व कायम नहीं रख सकते, जो अतीत की गलतियों से सबक नहीं लेते। इस फिल्म ने यह बहस छेड़ने का मौका दिया, अच्छी बात है, पर विनम्रता के साथ याद दिलाना चाहूंगा कि अर्द्धसत्य झूठ से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है।

यह सत्य है कि उन दिनों घाटी की मस्जिदों से कश्मीरी हिंदुओं के खिलाफ प्रवाद फैलाया गया, पर यह भी सच है कि बहुत से मुसलमानों ने अपने पड़ोसियों की रक्षा की थी। तमाम मुस्लिम ड्राइवर ऐसे थे, जो अपनी जान की परवाह किए बिना अपने हिंदू पड़ोसियों को सकुशल घाटी से बाहर निकाल लाए। बाद के वर्षों में भी ऐसे लोगों का मेल-मिलाप पुराने रसूख के साथ जारी रहा। घाटी में हिंदुओं के साथ मुसलमानों के भी घर आतंकियों ने तबाह किए। इनमें से बहुतों को अपनी मूल रिहाइश से बेदखल तक होना पड़ा। द कश्मीर फाइल्स में एकाध घटनाएं इस तरह की भी शामिल कर ली गई होतीं, तो लोगों तक समूची तस्वीर सही तौर पर पहुंच पाती।

हालांकि, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अंततः यह एक फिल्म है। सिनेमाई पटकथा और इतिहास ग्रंथ में फर्क होता है।

# सहमें हुए लोगों की अब वह बैखौफ आवाज हैं

सोना खटीक, रेडियो स्टेशन मैनेजर

सदियों पहले कपिलवस्तु (नेपाल) ने एक ऐसी विभूति को जन्म दिया था, जिसके ज्ञान और व्यक्तित्व के प्रकाश से सारा जहान रोशन हुआ, लेकिन विडंबना देखिए, उस उजाले को खुद कपिलवस्तु ने शताब्दियों तक रोके रखा। अगर ऐसा न होता, तो सोना खटीक को वह सब नहीं सहना पड़ता, जो उन्होंने वहां सहा-भोगा, और जिसके खिलाफ वह अब मुखर हैं। आस्तिक लोग कहते हैं कि हर काम में ऊपर वाले की कोई न कोई मस्लहत होती है, मगर तरक्कीपसंद लोगों की निगाह में यह सब इंसानी फरेब है। स्वयं बुद्ध ने भी वर्ण-व्यवस्था को खारिज कर दिया था।

आज से करीब 33 साल पहले एक मधेस दलित परिवार में सोना पैदा हुईं। 20वीं शताब्दी के उन आखिरी वर्षों में भी नेपाली समाज में जातिवाद की जकड़न इतनी मजबूत थी कि दलित समुदाय के किसी बच्चे के स्कूल जाने की खबर से सवर्ण समाज खदबदा उठता था। मगर मासूम बचपन क्या जाने इस 'सवर्ण-अवर्ण' के फर्क को? सोना का भी मन अपने भाइयों की तरह स्कूल जाने के लिए मचल उठा, और सलाम उनकी मां को, जिन्होंने बेटी की यह हसरत पूरी करने के लिए पूरे जमाने की नाराजगी मोल ली। हालांकि, एक भय हमेशा बना रहता कि उनका यह 'दुस्साहस' परिवार के लिए कोई बड़ी मुसीबत न पैदा कर दे। जाहिर है, स्कूल का माहौल सोना के लिए कभी खुशगवार नहीं रहा। सहपाठियों के दुर्व्यवहार और भेदभाव से तो कोमल मन छलनी होता ही, कई शिक्षकों की उपेक्षा भी कड़वाहट भर देती थी। लेकिन उसी स्कूल में एकाधिक गुरु ऐसे भी थे, जो सोना की प्रतिभा को सराहते रहते और इस तरह एक हद तक संतुलन बन जाता। गरीबी का आलम यह कि सोना के पास जब कॉपी नहीं होती, तो वह अपने भाइयों की पुरानी कॉपियों को पानी में भिगोकर कई-कई दिनों तक धूप में सुखातीं, ताकि उनसे किसी तरह काम चलाया जा सके।



इन आर्थिक दुश्वारियों पर तो वह अपनी युक्तियों से जीत पा ले रही थीं, मगर घर के बाहर की दुनिया बहुत निर्मम थी। उनके भाइयों के पढ़ने, आगे बढ़ने के जज्बे से जाति के ठेकेदार पहले ही चिढ़े बैठे थे, अब उसी कुनबे की बेटियां भी उड़ान भरने को अपने पर तोलने लगी थीं। सामंती सोच के पड़ोसियों को यह बात नागवार थी। उनमें से ही कुछ ने सोना की झोंपड़ी में आग लगा दी। सब कुछ स्वाहा हो गया।

सोना का हौसला टूट गया था, क्योंकि इसके बाद जो कुछ उन सबके साथ हो सकता था, इसके ख्याल मात्र से रूह कांप उठती। पढ़ाई छोड़कर उन्होंने घर के कामकाज में मां का हाथ बंटाना शुरू कर दिया। जब कभी सोना मवेशी चराने जंगल में जातीं, तो उसका वितान देख मन कचोट उठता, आखिर हम क्यों नहीं इनकी तरह लहलहा सकते? हमारी हदें कोई और क्यों तय कर रहा है, जबकि हम उसका कुछ बिगाड़ भी नहीं रहे? ऐसे सवाल राख हुए अरमानों को कुरेद जाते। शायद कोई चिनगारी अभी बची हो!

जंगल की राह में कभी-कदा उन गुरु जनों से भी मुलाकात हो जाया करती, जो सोना और उनके भाइयों के प्रति गहरी हमदर्दी रखते थे। उन्होंने ही समझाया-बिटिया, पढ़ना कभी न छोड़ना! और सोई पड़ी चिनगारी जैसे लहक उठी। सभी भाई-बहन फिर से स्कूल जाने लगे। सोना ने एसएलसी बोर्ड पास करने के बाद 12वीं की पढ़ाई भी मुकम्मल की। पर अब उन्हें नौकरी की तलाश थी, ताकि वह परिवार की कुछ आर्थिक मदद कर सकें। मगर कहीं से कोई उम्मीद नहीं दिख रही थी। एक बार फिर सोना हताशा की ओर बढ़ने लगीं, लेकिन तब उनकी बहन ने उन्हें एहसास कराया कि इतने संघर्षों के बाद वह यूं हार नहीं मान सकतीं। खटीक समाज की लड़कियां उनकी ओर उत्सुकता से देख रही हैं। साल 2007 की बात है। एक दोस्त ने सोना को बताया कि 'रेडियो कपिलवस्तु' इच्छुक नौजवानों के लिए 12 दिनों की कार्यशाला का आयोजन कर रहा है, जिसमें उन्हें भी भाग लेना चाहिए। इस प्रशिक्षण के लिए सोना करीब 40 किलोमीटर का फासला रोज तय करतीं। परिश्रम बेकार न हुआ। कार्यशाला के बाद एक रेडियो स्टेशन में दो महीने की इंटर्नशिप का प्रस्ताव मिला। इंटर्नशिप खत्म होने पर रेडियो स्टेशन से एक साइकिल उन्हें उपहार में मिली। इस साइकिल ने सोना को वही एहसास दिया, जो ओलंपिक पोडियम पर कोई ओलंपियन पदक लेते हुए महसूस करता है।

दो हजार रुपये की तनख्वाह पर एक सामुदायिक रेडियो में करियर शुरू करने वाली सोना की जादुई आवाज और थारू व अवधी जुबान पर अच्छी पकड़ ने देखते-देखते उन्हें तराई के जिलों का लोकप्रिय रेडियो पत्रकार बना दिया। वह नेपाली खटीक समाज की पहली बेटी हैं, जिन्होंने पत्रकारिता में मास्टर्स की डिग्री हासिल की और आज वह रेडियो कपिलवस्तु की स्टेशन मैनेजर हैं। पांव टूटने के बावजूद महामारी के विस्फोटक दिनों में उन्होंने जिस प्रतिबद्धता के साथ इसके प्रति स्थानीय लोगों को जागरूक किया, उसकी चारों तरफ खूब वाहवाही हुई। इस बहादुरी से आर्थिक लाभ भी मिला। इस दौरान नेपाल का मीडिया उद्योग अपने वजूद को बचाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा था, लेकिन सोना जैसे पत्रकारों की बदौलत 'रेडियो कपिलवस्तु' मुनाफा बटोर रहा था।

बराबरी और इंसाफ की लड़ाई को सोना ने अब अपनी जिंदगी का मकसद बना लिया है। वह न सिर्फ दलित समाज के बेबस लोगों की मजबूत आवाज बन चुकी हैं, बल्कि जुल्म और ज्यादती के शिकार लोगों को कानूनी लड़ाई लड़ने में भी मदद करती हैं। अपने समुदाय से बाल-विवाह को खत्म कराने में उन्होंने काफी अहम भूमिका निभाई है। विश्व बैंक तक ने सोना के संघर्ष का संज्ञान लिया है। पिछले वर्ष उन्हें नेपाल की चुनिंदा प्रेरणादायी शख्सीयतों में शामिल किया गया।

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# डांवाडोल, भयाकुल या नामसझ?

हरिशंकर व्यास

अंतरराष्ट्रीय राजनीति का वक्त कोई भी हो, सन् 1950 की कोरियाई लड़ाई हो या 2022 की यूक्रेन लड़ाई, भारत हमेशा डांवाडोल रहा है। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बनाई लकीर का भारत 75 वर्षों से फकीर है। तभी आश्चर्य नहीं जो भारत-चीन की 26 सौ मील लंबी सीमा पर दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने हैं और शांति भंग चीन द्वारा हुई है बावजूद इसके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की विदेश नीति चीन के साथ खड़ी हुई है। चीन और भारत दोनों का संयुक्त राष्ट्र में एक सा स्टैंड है। आजाद भारत ने संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय पंचायत में सर्वप्रथम खुद अपने आपको कश्मीर में फंसाया था। जी का जंजाल बना। फिर कोरियाई मामले में अंतरराष्ट्रीय राजनीति का भारत को पहला अनुभव हुआ तो उसने 1950 में कोरियाई लड़ाई में चीन को हमलावर करार देने के प्रस्ताव का विरोध किया। वह हमलावर चीन के पक्ष में था। तभी से दुनिया की लिबरल जमात में भारत को लेकर चिढ़ बनी। नतीजतन 1962 में चीन ने भारत पर हमला कर लद्दाख और नेफा की जमीन कब्जाई तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में चीन को हमलावर करार देने का प्रस्ताव लाने वाला कोई नहीं था। पंडित नेहरू न संयुक्त राष्ट्र में चीन की भर्त्सना का प्रस्ताव बनवा पाए और न गुटनिरेपक्ष देशों ने मिलकर चीन की भर्त्सना की।

तब से आज तक चीन कोई 38 हजार वर्ग किलोमीटर भारतीय जमीन कब्जाए हुए हैं। उस गलवान घाटी में भी दो साल पहले चीन ने फिर अपने सैनिक आगे बढ़ाए, जहां जुलाई 1962 में चीनियों ने भारतीय चौकियों को घेर हमले की धमकी दी थी। तब धमकी थी और 68 साल बाद डोकलाम से ले कर गलवान तक चीनी सेना ने वापिस धौंस बनाई। भारत के प्रतिरोध में सब कुछ करते हुए भी बताया जाता है कि चीन ने सन् 2020 में गलवान क्षेत्र में कोई 115 वर्गमील नया कब्जा बनाया है।

इसके बाद का सत्य? सीमा पर आमने-सामने दोनों की सेनाएं हैं। चीन कमांडर बातचीत में भारत का पक्ष सुनता हुआ नहीं है। लद्दाख-सिक्किम-अरूणाचल प्रदेश पर सेनाओं को तैनात किए हुए है। पीछे हटने या सीमा पर अपनी धौंस घटाने को तैयार नहीं।

बावजूद इसके रूस-यूक्रेन की लड़ाई के इतिहासजन्य मोड़ पर भारत न केवल चीन के साथ खड़ा है, बल्कि वह चीनी विदेश मंत्री वांग यी की दिल्ली में मेजबानी कर अंतरराष्ट्रीय राजनीति कर रहा है। वह भी 57 मुस्लिम देशों के इस्लामिक संगठन ओआईसी के विदेश मंत्रियों के 48वें इस्लामाबाद सम्मेलन के बाद। इस सम्मेलन के प्रस्ताव में जहां कश्मीर पर भारत विरोध के कई पैरे हैं वहीं चीन का समर्थन भी है।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे

9827806026, 7869620239



































# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़







## खास खबर

### खैरागढ़ उपचनाव की कमान वरिष्ठ मंत्री ताम्रध्वज साहू को सौपने से हर्ष की लहर

**रायपुर।** राज्य शासन के वरिष्ठ मंत्री ताम्रध्वज साहू को खैरागढ़ उपचुनाव की कमान सौंपी गयी है। ताम्रध्वज साहू कांग्रेस की चुनाव अभियान समिति के संयोजक बनाये गए हैं। इस समिति में राज्य के वरिष्ठ नेताओं के साथ खैरागढ़ के प्रमुख कांग्रेस नेताओं को स्थान दिया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को चुनाव अभियान समिति की महती जिम्मेदारी देकर उन पर बड़ा भरोसा जताया है। उनके अनुभव और रणनैतिक कौशल और लोकप्रियता का लाभ कांग्रेस पार्टी को मिलेगा। ताम्रध्वज को कमान मिलने से साहू समाज में भी हर्ष का माहौल है। साहू समाज के अनुभवी लोग और युवाओं का मानना है कि कांग्रेस पार्टी ने चुनाव अभियान समिति जैसी महत्वपूर्ण कमेटी का संयोजक समाज के वरिष्ठ नेता को बना के समाज के प्रति बड़ा विश्वास जताया है।

### बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में दो बड़ी रैली करेगी कांग्रेस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी बहुत जल्द बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में दो बड़ी रैली करने जा रहे हैं एक रैली होगी अनुसूचित जनजाति वर्ग के और दूसरी रैली होगी बस्तर संभाग के पिछड़ा वर्ग के लोगों की। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनैतिक सलाहकार विनोद वर्मा के साथ बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और कांग्रेस के विधायक लखेश्वर बघेल की 25 मार्च को मैराथन बैठक हुई, इस बैठक में बस्तर संभाग की 12 विधानसभा क्षेत्रों की समीक्षा की गयी, साथ ही वहां पर अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों के बीच पेशा कानून को लेकर बढ़ रहे मतभेद को कैसे नियंत्रण किया जा सके।

## सफल मुकाम के लिए डिग्री ही नहीं अच्छे विचार और संस्कार भी जरूरी : सुश्री उइके

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति सुश्री अनुसुईया उइके आज संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षान्त समारोह में शामिल हुईं। सुश्री अनुसुईया उइके ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अध्ययन का काल वह महत्वपूर्ण समय है जब हमारे अंदर जीवन के सभी संस्कारों और क्षमताओं का निर्माण होता है। इस अवस्था में हमें जो "ज्ञान" मिलता है वह हमें सुसंस्कृत, सौम्य और संयमी बनाता है। जीवन के संकटों से लड़ने में हमारी मदद करता है। ज्ञान केवल उपाधियों तक सीमित नहीं होता है। ज्ञानार्जन आजीवन चलता रहता है। जिसने सीखना बंद कर दिया, वह अधूरा ही रह जाता है।

सुश्री उइके ने कहा कि विद्यार्थियों के परिश्रम और उनके पालकों के संस्कार का प्रतिफल है कि आज उन्हें यह सुखद अनुभूति हो रही है। डिग्री लेना अपने आप में जीवन की बड़ी उपलब्धि होती है लेकिन सफल मुकाम हासिल करने के लिए सही आचार विचार और संस्कार का होना बेहद जरूरी है। विद्यार्थीगण इनके अंगीकरण से समाज और देश के लिए मिषाल पेश करें। विद्या को केवल अपने तक



सीमित न रखें बल्कि विद्या के द्वारा समाज निर्माण में योगदान दें।

उन्होंने कहा कि संत गहिरा गुरु ने जनजाति समाज के उत्थान के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। संत गहिरा गुरु के विचारों को आत्मसात करें और निरंतर आगे बढ़ें। इस विष्वविद्यालय को संत गहिरा गुरू के जनजातीय उत्थान के कार्य को और भी विस्तारित करना होगा। इस अंचल में जनजातियाँ बड़ी संख्या में निवास करती है। इन्हें षिक्षा सम्पन्न, स्वावलंबी और रोजगार युक्त करना एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। अच्छी शिक्षा से ही इनका जीवन उन्नत होगा, पिछड़ापन मिटेगा।

छत्तीसगढ़ के संपूर्ण विकास के लिए विष्वविद्यालय को अपनी आकादमिक गतिविधियों से आगे बढकर सामाजिक सरोकारों और स्थानीय आवष्यकताओं से स्वयं को जोड़ते हुए नवाचार को बढावा दें और शिक्षा के माध्यम से अंचल को सुसंस्कृत, सुशिक्षित बनाएं। उन्होंन कहा कि हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने विकसित भारत का जो स्वप्न देखा था, वह अच्छी शिक्षा के द्वारा ही संभव होगा। उनके मार्ग पर चलें उनका अनुसरण करें और उनके सपनों को साकार करनें का प्रयास करें। जनजातीय कार्य मंत्रालय के केन्द्रीय राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि षिक्षण संस्थाएं विद्यार्थियों के विकास में अमूल्य योगदान देती हैं। उपाधी धारकों को उन्होंने कहा कि यह आपके जीवन का स्वर्णिम कदम है ,इस षिक्षा और ज्ञान से आप विष्व को चमत्कृत कर सकते हैं। आजादी का यह अमृत वर्ष आपके जीवन का प्रारंभिक वर्ष होने जा रहा है। आपकी आज की षिक्षा ही यह तय करेगी कि 2047 में जब हम आजादी के सौ वर्ष पूरे करेंगे ,तब हम कहा होंगे। आपके आत्मनिर्भर होने से ही देष आत्मनिर्भर होगा। समस्त उपाधि प्राप्त कर्ताओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा आप निरंतर अपने ज्ञान को बढ़ाएं और देष निर्माण में योगदान दें। स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि महान संत और समाज सुधारक के नाम पर संत गहिरा गुरु के नाम पर विश्वविद्यालय नाम होना गर्व की बात है। यह समारोह प्रदेश के दूरस्थ आदिवासी अंचल में उच्च शिक्षा के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता और परिपूर्णता का प्रतीक है। उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उन सभी छात्रों के जीवन का यह अविस्मरणीय अवसर है। यह विश्वविद्यालय संभाग के 5 जिलों के 75 महाविद्यालयों में सबसे बड़ा शिक्षा संस्थान है।

दीक्षांत समारोह के मुख्य वक्ता श्री गिरीश पंकज ने कहा कि यह समारोह दीक्षा का अंत नहीं बल्कि शुरुआत है। दीक्षांत जीवन में आगे बढ़कर कैसे जीवन जीना है यह बताता है। हमें जीवन में अपने पारंपरिक मूल्यों से सदा जुड़े रहना चाहिए। भारतीय संस्कृति जन्मभूमि को माता कहना सिखाती है। उन्होंने कहा कि स्वदेश से प्रेम करेंगे तभी हम आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि बड़प्पन ही हमे बड़ा बनाता है। युवा पीढ़ी को बडप्पन को आत्मसात करना चाहिए। सरगुजा विश्वविद्यालय से निकलने वाले विद्यार्थी सरगुजा के माटी को भी रोशन करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अशोक सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि षिक्षा वह माध्यम है । जिससे जीवन हर मुकाम हासिल किया जा सकता हैं।

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने शीतला माता मंदिर भवन का किया लोकार्पण



श्रीकंचनपथ न्यूज

### मंत्री गुरु रुद्रकुमार दो दिवसीय रामचरित मानस गान आनंद महोत्सव में हुए शामिल

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रुद्रकुमार आज दुर्ग जिले के नगर पालिका जामुल के शिवपुरी में दो दिवसीय श्रीराम चरित मानस गान आनंद महोत्सव में शामिल हुए। इस आयोजन के लिए मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने आयोजक श्रमिक कल्याण मानस मंडली समिति के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने श्रमिक कल्याण मानस मंडली की मांग पर मानस मंच के सामने डोम शेड निर्माण और 25 हजार रूपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। उन्होंने भक्त माता कर्मा प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवपुरी जामुल में बोर खनन की भी घोषणा की। इसके साथ ही मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने नगर पालिक जामुल के वार्ड क्रमांक- 07 में शीतला माता मंदिर भवन निर्माण का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर वार्ड वासियों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि इस मंदिर के बन जाने से अब बड़े-बड़े धार्मिक आयोजन यहां हो सकेंगे। उन्होंने आवश्यक मांगों को लेकर वार्ड वासियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा प्रस्तुत मांगों को पूरा किया जाएगा।

इस अवसर पर जामुल नगर पालिका की उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता चन्नेवार, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सरोजनी चंद्राकर, पार्षद संजय देशलहरे, पार्षद गुल्ली साहू, पार्षद श्रीमती अश्विनी साहू सहित प्रकाश ठाकुर, करीम खान, हीरा वर्मा, श्री प्रशांत ठाकुर और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### टूर डे सिरपुर यात्रा सम्पन्न : संसदीय सचिव ने दिखाई हरी झंडी

## लोकल टूरिज्म को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों कोरोजगार के अवसर प्रदान करने कार्य किया जा रहा: चंद्राकर

श्रीकंचनपथ न्यूज

महासमुंद। पर्यटन और प्रकृति को बढ़ावा देने एवं जिले की पुरातात्विक एवं संस्कृति से रूबरू कराने के उद्देश्य से टूर डे सिरपुर यात्रा शनिवार को महासमुंद के वन विद्यालय केंद्र से सबेरे 7:30 बजे रवाना हुई। संसदीय सचिव एवं विधायक विनोद चंद्राकर ने हरी झंडी दिखाई। वह स्वयं सायकल यात्रा में पहला स्टॉपेज बेमचा तक शामिल हुए।



टूर डे सिरपुर यात्रा में कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, सीईओ ज़िला पंचायत एस. आलोक, वनमण्डलाधिकारी पंकज राजपूत एवं ज़िले के अधिकारी-कर्मचारियों सहित गणमान्य नागरिक, बालक-बालिकाएं पूरे उत्साह से सायकल यात्रा में शामिल हुए। सायकल यात्रा समापन पर सिरपुर लक्ष्मण मंदिर पर सायकल यात्रियों ने तस्वीर खिंचवाई ।

संसदीय सचिव ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने कटिबद्ध है। प्रदेश में जंगल, पहाड़, नदी, जलाशय और ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के दर्शनीय स्थल है। उन्होंने सायकल यात्रा के शुभारम्भ अवसर पर कहा कि प्रदेश में लोकल टूरिज्म को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री के मंशानुरूप कार्य किया जा रहा है। कार्ययोजना में प्रदेश में प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए वेलनेस टूरिज्म, एग्रो टूरिज्म और फिल्म टूरिज्म को शामिल किया गया है। पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में निजी निवेश एवं ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन नीति तैयार की गई है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राम वनगमन पर्यटन परिपथ में आने वाले स्थलों का चयन किया गया है। इसके लिए कार्ययोजना पर काम शुरू हुआ है। संसदीय सचिव श्री विनोद चंद्राकर ने कहा कि ऐतिहासिक पर्यटन स्थल सिरपुर को विकसित करने के लिए विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के माध्यम से कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही पर्यटन की दृष्टि से सिरपुर के साईट को और अधिक विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पर्यटन की दृष्टि से जाना जाता हैं। सायकल यात्रा का उद्देश्य लोगों को यहाँ के पर्यटन और प्रकृति से रूबरू करना है। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने कहा कि लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से लाभदायक है। महासमुंद में भी सायकल रेसलिंग का क्लब होना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन की असीम सम्भावना है। महासमुंद जिले में पहाड़, नदी, जलाशय एवं ऐतिहासिक और पुरातत्व महत्व के अनेक दर्शनीय स्थल है। जनता के अमूल सुझावों से जिले के पर्यटन स्थलों को और अधिक विकसित किया जाएगा। जिलों में जिससे बच्चे अपने स्वास्थ्य के साथ आने वाले प्रतियोगिता के लिए उन्हें अच्छा वातावरण मिले। सचिव पंचायत ग्रामीण विकास श्री आर.प्रसन्ना ने सायकल के विज्ञान के लाभकारी गुणों के बारे में अपने अनुभव साझा किए। पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला, सचिव वन विभाग श्री प्रेमकुमार, वनमंडलाधिकारी श्री पंकज राजपूत, वनमंडलाधिकारी भानूप्रतापपुर श्री श्रीकृष्ण जाधव, सी.ई.ओ. श्री एस. आलोक और डॉ. पल्लविक क्षीरसागर ने सायकल की महत्वता बताते हुए उसके शारीरिक स्वास्थ्य पर फायदे और दैनिक जीवन में लाभकारी प्रभाव पड़ने की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

समापन अवसर पर सायकल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। राजधानी रायपुर से सायकल यात्रा करने वाली 62 वर्षीय श्रीमती जस्सी और आकाशवाणी के 58 वर्षीय सयबा मांझी सहित अन्य प्रतिभागियों सहित महासमुंद के सायकल यात्रियों सहित पत्रकार नवभारत के ब्यूरो चीफ श्रसंजय डफले एवं के ब्यूरो चीफ रत्नेश सोनी, जनसम्पर्क अधिकारी शशिरत्न पाराशर, हेमनाथ सिदार को सम्मानित किया गया।

## संभागायुक्त डॉ. अलंग ने वेट रिलिंग इकाई में कोसा धागाकरण के काम का किया अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** बिलासपुर संभाग आयुक्त डॉ. संजय अलंग ने कोरबा प्रवास के दूसरे दिन कोसा धागाकरण के वेट रिलिंग इकाई, रानी धनराज कुंवर स्वास्थ्य केन्द्र एवं जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। संभागायुक्त डॉ. अलंग ने रेशम विभाग के कोसाबाड़ी केन्द्र में पहुंचकर महिलाओं द्वारा कोकून से धागा निकालने के किये जा रहे काम का अवलोकन किया। उन्होंने रेशम विभाग के सहायक संचालक से केन्द्र में स्थापित वेट रिलिंग और बुनियाद रिलिंग इकाई के बारे में जानकारी ली।

कोसाबाड़ी केन्द्र में लगभग 45 महिलाएं वेट रिलिंग और बुनियाद मशीन से कोसा धागा निकालने के काम में संलग्न हैं। जिले के बुनकर उच्च गुणवत्ता के कोसा धागा के लिए चाईना और जापान जैसे देशों पर निर्भर थे। इस कमी को पूरा करने के लिए रेशम विभाग द्वारा वेट रिलिंग मशीन स्थापित किया गया है। इस मशीन से उच्च गुणवत्ता के कोसा धागा निकालने का काम महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। जिससे महिलाओं को प्रति



माह अच्छी आमदनी हो रही है। डॉ. अलंग ने कोसा धागाकरण के काम में शामिल महिलाओं से भी बात की। उन्होंने महिलाओं द्वारा किये जा रहे काम की प्रशंसा करते हुए अच्छे काम के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उपायुक्त विकास श्रीमती अर्चना मिश्रा, जिला पंचायत के सीईओ श्री नूतन कंवर, एडीएम श्री सुनील नायक, एसडीएम कोरबा श्री हरिशंकर पैंकरा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

संभागायुक्त डॉ. अलंग ने कुरूडीह में हितग्राही के घर पहुंचकर जल जीवन मिशन के कार्य का किया अवलोकन- संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग आज जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों का जायजा लेने विकासखंड कोरबा के ग्राम कुरूडीह के बैगा पारा बसाहट पहुंचे। गांव में सोलर आधारित पंप और पानी टंकी के माध्यम से पाईप लाईन बिछाकर 18 हितग्राहियों के घरों में नल कनेक्शन दिए गये हैं। डॉ. अलंग ने हितग्राहियों के घरों तक पहुंचकर नल कनेक्शन का अवलोकन किया। उन्होंने योजना अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों श्रीमती राधिका बाई, श्रीमती भूखिन बाई एवं श्रीमती कुमारी बाई से बात कर नल कनेक्शन से पानी आपूर्ति का फीडबैक लिया। ग्रामीणों ने बताया कि पहले दूर से पानी लाते थे। जिसमें समय और मेहनत दोनों ही लगते थे। योजना अन्तर्गत अब घर में नल कनेक्शन दिए जाने से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती। पीने और अन्य उपयोग के लिए पानी घर में ही नल के माध्यम से मिल जाता है।

### राज्य में तिलहन फसलों की बोआई अंतिम चरण में

**रायपुर।** राज्य में रबी वर्ष 2021-22 में तिलहन फसलों की बुआई अंतिम चरण में है। अब तक राज्य में 2 लाख 33 हजार 510 हेक्टेयर में विभिन्न प्रकार की तिलहन फसलों की बोआई की जा चुकी है। बीते वर्ष रबी सीजन में राज्य में 2 लाख 17 हजार 730 हेक्टेयर में तिलहन फसलों की खेती की गई थी। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रबी वर्ष 2021-22 में तिलहन फसलों की खेती के लिए 3 लाख 520 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित है। जिसके विरूद्ध 21 मार्च की स्थिति में 2 लाख 33 हजार 510 हेक्टेयर में बोनी पूरी कर ली गई है, जो कि इस साल के लक्ष्य का 78 फीसद है।


















## खास खबर

### श्रमिकों के लिए परिवर्तनशील महंगाई भत्ता निर्धारित

**रायपुर।** श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ शासन द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत अनुसूचित नियोजनों, कृषि नियोजन एवं अगरबत्ती नियोजन में कार्यरत श्रमिकों के लिए महंगाई भत्ते की दरों का निर्धारण लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर एक अप्रैल 2022 से 30 सितम्बर 2022 तक के लिए की गई है और गौरतलब है कि प्रतिवर्ष श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन दरों का निर्धारण दो बार एक अप्रैल और एक अक्टूबर को किया जाता है। श्रमायुक्त छत्तीगसढ़ द्वारा विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत् श्रमिकों के लिए दिनांक एक अप्रैल 2022 से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता निर्धारित की गई है। लेबर ब्यूरो शिमला से प्राप्त औद्योगिक सूचकांक में जुलाई 2021 से दिसम्बर 2021 के मध्य 13 बिन्दू की औसत वृद्धि हुई तदनुसार प्रति बिन्दू 20 रूपये के मान से 45 अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के परिवर्तनशील महंगाई भत्ता में प्रतिमाह 260 रूपए की वृद्धि की गई। कृषि नियोजन मे कार्यरत श्रमिकों हेतु लेबर ब्यूरो शिमला से प्राप्त सूचकांक में 34 बिन्दू की औसत वृद्धि होने से 5 रूपए प्रति बिन्दु के मान से 170 रूपए प्रतिमाह परिवर्तनशील महंगाई भत्ते में वृद्धि की गई है। अगरबत्ती उद्योग में नियोजित श्रमिकों हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में औसत वृद्धि के आधार पर परिवर्तनशील महंगाई भत्ते 4.64 रूपए प्रति हजार अगरबत्ती निर्माण में निर्धारित की गई। इस संबंध में और अधिक जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग की वेबसाईट www.cglabour.nic.in पर भी उपलब्ध है तथा इससे संबंधित पुस्तिका श्रमायुक्त कार्यालय, इन्द्रावती भवन, खण्ड-तीन, द्वितीय तल, नया रायपुर से भी प्राप्त की जा सकती है।

### छत्तीसगढ़ में पौने दो करोड़ से अधिक लोगों को कोरोना से बचाव के दोनों टीके लगे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए लोगों का तेजी से टीकाकरण किया जा रहा है। प्रदेश में एक करोड़ 75 लाख 48 हजार 020 नागरिकों को कोरोना से बचाव का दोनों टीका लगाया जा चुका है। प्रदेश में टीकाकरण के लिए पात्र 18 वर्ष से अधिक की 85 प्रतिशत आबादी और 15 से 18 वर्ष के 47 प्रतिशत किशोर कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लगवा चुके हैं। राज्य में चार लाख 26 हजार 935 स्वास्थ्यकर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स तथा 60 वर्ष से अधिक के लोगों को प्रिकॉशन डोज भी लगाया जा चुका है। वहीं 16 मार्च से 12 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों के टीकाकरण की शुरूआत के बाद से अब तक (25 मार्च तक) इस आयु वर्ग के एक लाख 80 हजार 844 बच्चों को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। राज्य में 18 वर्ष से अधिक के करीब शत-प्रतिशत और 15 से 18 वर्ष की 69 प्रतिशत जनसंख्या को पहला टीका लग चुका है। यहां 18 वर्ष से अधिक के एक करोड़ 98 लाख 20 हजार 657 नागरिकों और 15 से 18 वर्ष के 11 लाख 28 हजार 249 किशोरों को कोरोना वैक्सीन का पहला टीका लगाया जा चुका है। वहीं 18 वर्ष से अधिक के एक करोड़ 67 लाख 72 हजार 854 व्यक्तियों तथा 15 से 18 वर्ष के सात लाख 75 हजार 166 बच्चों को दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। इन दोनों आयु वर्गों में पहली और दूसरी तथा प्रिकॉशन डोज एवं 12 से 14 वर्ष के बच्चों को मिलाकर प्रदेश भर में अब तक कुल तीन करोड़ 91 लाख चार हजार 705 टीके लगाए गए हैं।

### उत्कृष्ट कार्य कर रही सहकारी समितियों को मिला एनसीडीसी का क्षेत्रीय उत्कृष्टता और मेरिट पुरस्कार

**रायपुर।** राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम ने छत्तीसगढ़ राज्य में उत्कृष्ट कार्य कर रही सहकारी समितियों को क्षेत्रीय उत्कृष्टता और मेरिट पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया है। नवा रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ के अध्यक्ष झुनमुन गुप्ता की अध्यक्षता में क्षेत्रीय उत्कृष्टता एवं मेरिट पुरस्कार 2021 प्रदान किया गया। नवा रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ के अध्यक्ष झुनमुन गुप्ता की अध्यक्षता में क्षेत्रीय उत्कृष्टता एवं मेरिट पुरस्कार 2021 प्रदान किया गया।

# उद्योगपति दो कदम बढ़ायेंगे तो छत्तीसगढ़ भी उन्हें आगे बढ़कर सुविधाएं मुहैया कराएगा: भूपेश बघेल

### मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए किया आमंत्रित

### फेडरेशन ऑफइंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन के एक्सपोर्ट कॉन्क्लेव में हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की उद्योग नीति सबसे बेहतर और आकर्षक है। यहां पर उद्योगों के विकास के लिए आधारभूत संरचनाएं, मानव संसाधन एवं बिजली जैसी तमाम सुविधाएं उपलब्ध है। हमारी उद्योग नीति ऐसी है, जिसमें कोई भी उद्योगपति एनपीए नहीं होगा। यह उद्योगपति स्वयं स्वीकार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह बात आज राजधानी रायपुर में फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित एक्सपोर्ट कॉन्क्लेव को सम्बोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा- आप दो कदम आगे बढ़िये, आपको छत्तीसगढ़ में सारी सुविधाएं के साथ सहयोग भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो छत्तीसगढ़ कभी नक्सल समस्या के कारण जाना जाता था, अब यहां वह बात नहीं है। यहां बस्तर में नियमित विमान की सेवा की सुविधा उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ देश का हृदय है। बिलासपुर से एयर कनेक्टीविटी की सुविधा भी शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि राजधानी रायपुर सड़कमार्ग, रेलमार्ग से देश के विभिन्न भागों से जुड़ा हुआ है। हमारी उद्योग नीति इतनी अच्छी है कि हमने पिछले तीन वर्षों में करीब 70 हजार करोड़ रूपए का एमओयू किया है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में कार्गो की स्थापना की आवश्यकता भी जताई।

उन्होंने कहा कि हम अपने गौठानों को रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के रूप में विकसित कर रहे है। यहां पर उद्योगपतियों को जमीन, सेड तथा स्व-सहायता समूह के रूप में मानव संसाधन मिलेंगे।यहां पर बिजली भी तैयार हो रही है। छत्तीसगढ़ में उद्योगपति आये, बिना किसी अतिरिक्त प्रक्रियाओं का पालन किए, कलेक्टर को आवेदन देकर उद्योग स्थापित करें। यहां के युवाओं को प्रशिक्षण दें, गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्राप्त कर आय अर्जित करें।मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ पर खनिज के साथ-साथ कृषि और वनोपज के क्षेत्र में धनी राज्य है। राज्य सरकार ने इस क्षेत्र में कार्य करना शुरू किया है। हमारे यहां धान की 23 हजार से अधिक प्रजातियां है। हमने 14 जिलों को आर्गनिक जिला घोषित किया है। हमारा प्रदेश देश में सबसे अधिक लघु वनोपज इकट्ठा करने वाला राज्य हैं। हम 200 फूडपार्क स्थापित कर रहे है, जिनमें 110 फूडपार्क के लिए भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है। लघु वनोपज की प्रोसेसिंग की जा रही है।

श्री बघेल ने कहा कि भारत में छत्तीसगढ़ पहला ऐसा राज्य है जिसने गोबर को खरीदा और गोबर से पैसा कमाकर दिखाया। आज हमारे राज्य में गोबर से गमले, दीए, अगरबत्ती, धूपबत्ती बना रहे है, अब तो गोबर से पेंट बनाया जा रहा है, साथ ही गोबर से बिजली भी बनाई जा रही है। दंतेवाड़ा की महिला स्व-सहायता समूहों ने कमाल करके दिखाया, उन्होंने होली के समय गोबर से गुलाल भी बनाया। जिसका हमने उपयोग भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोनाकाल की चुनौतियों का हमने सफलतापूर्वक सामना किया। हमने इस कठिन दौर में वर्ष 2019-20 से 2020-21 के दौरान 81.5 प्रतिशत का ग्रोथ हासिल किया है, निश्चित रूप से यह बहुत बड़ी सफलता है। वर्ष 2019-20 में हमने 1.278 बिलियन डॉलर का निर्यात किया था, जबकि 2020-21 में 2.320 बिलियन डॉलर का निर्यात हुआ है। उन्होंने कहा कि हम आप सबके सहयोग से भारत सरकार ने वर्ष 2027-28 के लिए 1000 बिलियन डॉलर का जो राष्ट्रीय लक्ष्य निर्धारित किया है, उसमें सहभागी बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में लगे विभिन्न स्टार्टअप स्टॉलों का अवलोकन किया। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के स्टॉल में मुख्यमंत्री के आग्रह पर शिल्पकार ने ठोड़ी बजाकर दिखाया।

इस अवसर पर उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाईजेशन के रीजनल चेयरमेन नंदकिशोर कांग्लीवाल तथा देश-प्रदेश से आए उद्योगपति उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ का निर्यात दो साल में हुआ दोगुना: उद्योग मंत्री कवासी लखमा

### उद्योग मंत्री ने किया एक्सपोर्ट कॉन्क्लेव का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक संसाधन, वनोपज और खनिज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। जिसके प्रसंस्करण उद्योग स्थापित कर निर्यात की संभावनाएं बढ़ाई जा सकती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य का कुल निर्यात 2 गुना हो गया है। भारत से अन्य देशों में होने वाले कुल निर्यात में छत्तीसगढ़ राज्य का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखमा ने यह बातें आज राजधानी रायपुर के होटल हयात में फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित एक्सपोर्ट कॉन्क्लेव के शुभारंभ अवसर पर कही। सर्वप्रथम वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखमा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम स्थल पर छत्तीसगढ़ के कोसा सिल्क, ब्रास मेटल, वनोपज, वन औषधि से तैयार उत्पादों आदि की प्रदर्शनी लगाई गई थी।

कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ से उत्पादन और निर्यात को बढ़ाने के लिए नई उद्योग नीति 2019-24 लागू की गई है। जिसमें फूड प्रोसेसिंग इकाई और वनोपज को भी उद्योग से जोड़ने के लिए बेहतर कार्य योजना की शुरुआत हुई है। जिसका सुखद परिणाम भी अब मिल रहा है। देश के कुल निर्यात में छत्तीसगढ़ राज्य का योगदान पिछले 2 वर्ष में 2 गुना हुआ है। इसे और बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। श्री लखमा ने कहा कि बस्तर सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में वनोपज, रागी, कोदो, कुटकी एवं स्थानीय उत्पाद की प्रोसेसिंग के लिए सभी जिलों में फूड पार्क स्थापित किया जा रहा है। आवश्यकता अनुसार इसका विस्तार भी किया जाएगा। जिससे लोगों को स्थानीय स्तर ही रोजगार उपलब्ध होगा। उद्योग मंत्री ने केन्द्र सरकार से रायपुर में एक्सपोर्ट कार्यालय खोलने की मांग की, ताकि निर्यात करने वालों की समस्याओं का निराकरण सरलता से हो सके।

छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव वाणिज्य एवं उद्योग मनोज पिंगुआ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के समुचित प्रयास से हम निर्यात के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मजबूती से प्रयास कर रहे है। राज्य की उद्योग नीति को अधिक लचीला बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक उद्योगपतियों की भागीदारी संभव हो सके। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयास से निर्यात की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में राज्य सरकार की मंशा के अनुसार हम निर्यात के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। राज्य में उपलब्ध खनिज और वन उपज जैसे संसाधनों का समुचित दोहन भी किया जा सकेगा। जिसका लाभ राज्य के लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि निर्यात करने वाले उद्योगों एवं व्यापारियों को राज्य सरकार के द्वारा निकटतम बंदरगाह तक पहुंचाने के लिए परिवहन अनुदान दिया जा रहा है।

# दांतो में पीलापन, शरीर की हड्डियों में विकृति या टेढ़ापन फ्लोरोसिस के लक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल तथा स्वस्थ खाना अच्छी सेहत के लिए सबसे जरूरी चीजों में से हैं। स्वच्छ और सुरक्षित पानी नहीं पीने से कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। फ्लोरोसिस भी असुरक्षित पेयजल से होने वाली एक गंभीर बीमारी है जो शरीर में अत्यधिक फ्लोराइड की मौजूदगी के कारण होता है। यह बीमारी अधिक फ्लोराइड वाला पानी पीने से या ज्यादा फ्लोराइडयुक्त जल से सिंचित खाद्यान्नों के सेवन से होता है। फ्लोरोसिस के कारण शरीर की हड्डियां विकृत व टेढ़ी हो जाती हैं।

### फ्लोरोसिस के मुख्य लक्षण

राज्य फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने से दांतों में पीलापन, समय से पहले दांतों का खराब होना, शरीर की हड्डियों में विकृति व टेढ़ापन सामान्य रूप से देखे जाते हैं। दांतों का रंग बिगड़ना, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द होना, हाथों और पैरों का आगे की तरफ या पीछे की तरफ मुड़ जाना, लंबी दूरी तक चलने में असमर्थ होना, पेट में दर्द होना और पेट फूलना भी इस बीमारी के लक्षणों में शामिल हैं।

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम नियमित रूप से फ्लोरोसिस से ग्रसित गांव जाकर फ्लोरोसिस से पीड़ित लोगों की जानकारी जुटाती है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल स्तर पर छात्र-छात्राओं में फ्लोरोसिस की जांच की जाती है। उन्होंने बताया कि पीने के पानी में फ्लोराइड की मात्रा एक पीपीएम होना चाहिए। इससे अधिक मात्रा में फ्लोराइड का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है।

### फ्लोरोसिस से बचाव

डॉ. अग्रवाल ने बताया की प्रदेश के सात जिलों रायपुर, महासमुंद, बालोद, कोरिया, कांकेर, कोरबा और कोंडागांव में फ्लोरोसिस की समस्या अधिक है। खून या पेशाब की जांच करवाकर शरीर में फ्लोराइड की मात्रा की जाँच की जा सकती है। प्रदेश के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में फ्लोरोसिस की स्क्रीनिंग और इलाज की सुविधा है। साथ ही बालोद, कोंडागांव, कोरबा, कांकेर, रायपुर, महासमुंद, बलौदाबाजार, बस्तर, गरियाबंद, सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर में फ्लोरोसिस की जांच के लिए प्रयोगशाला स्थापित हैं।

फ्लोरोसिस से बचाव के लिए फिल्टर किया हुआ पानी, नल का पानी व सतही जल पीना चाहिए। कैल्शियम, मैग्नीशियम और विटामिन-सी युक्त भोजन कम करने से फ्लोरोसिस की संभावना बढ़ जाती है। हमें अपने भोजन में भरपूर मात्रा में फल, हरी पत्तेदार सब्जियां और दूध को शामिल करना चाहिए।

## पत्नी और बेटे से बात करने के बाद शिवसेना नेता रायपुर से लापता

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के शिवसेना इंडस्ट्रियल क्षेत्र के अध्यक्ष राजकुमार सिंह शुक्रवार रात 10 बजे के बाद से लापता हो गए। खबरों के अनुसार राजकुमार सिंह पार्टी के समता कालोनी दफ्तर से लापता बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनकी कार भी गायब है। जानकारी के अनुसार राजकुमार की बेटे और पत्नी के रात 10 बजे वीडियो काल में बात हुई थी। इसके बाद बेटा लगातार एक घंटे फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। 11 बजे फिर फोन उठा लेकिन बात नहीं हुई। 15 सेकेंड के बाद फोन कट गया। इसके बाद फोन बंद हो गया। घर वाले रात भर राजकुमार की तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243
























# 'मेगा पावर स्टार' से 'प्रिंस ऑफ टॉलीवुड' तक, फैंस के दिलों पर राज करते हैं ये फेमस साउथ स्टार्स

**फिल्मी सितारों के स्क्रीन नेम्स और निक नेम्स बड़े शानदार होते हैं। दोस्तों, परिवार के सदस्यों, साथ में काम करने वालों और फिल्म निर्माताओं द्वारा सितारों को अक्सर एक अलग नाम से बुलाया जाता है। तो चलिए आज आपको इन फेमस साउथ हीरोज के स्क्रीन नेम्स के साथ-साथ उनके नेम नेम्स बताते हैं कि आखिरकार बाकी लोगों से अलग इनके अपने, इनके दोस्त और फिल्म निर्माता इन्हें किन नामों से पुकारते हैं-**



### प्रभास

यूं तो प्रभास पहले से ही काफी फेमस थे लेकिन इन्हें नेशनल हीरो बनाया बाहुबली ने। सभी लोग इन्हें प्रभास के नाम से जानते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि इन्हें ऑन स्क्रीन किस नाम से बुलाया जाता है। दरअसल प्रभास का कोई एक नहीं बल्कि कई स्क्रीन नेम्स हैं। जैसे - मिस्टर परफेक्ट, रिबेल स्टार।

### जूनियर एनटीआर

साउथ की फिल्मों के दीवाने हैं तो आपने जूनियर एनटीआर का नाम भी सुना होगा और उनकी फिल्में भी देखी होगें। इनकी लोकप्रियता को देखते हुए लोग इन्हें 'यंग टाइगर' भी कहते हैं। लेकिन जूनियर एनटीआर का रियल नाम रामाराव है। जूनियर एनटीआर इनका स्क्रीन नेम है। वहीं इनके घर का नाम है 'तारक'। तारक का मतलब है रक्षक या आंखों का तारा। ये आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे एन.टी. रामा राव के पोते हैं।

### महेश बाबू

तेलुगु फिल्मों के सुपरस्टार महेश बाबू का नाम आज हर कोई जानता है। लेकिन महेश बाबू को 'सुपर स्टार महेश' और 'प्रिंस ऑफ टॉलीवुड' भी कहा जाता है। पर इनके घर परिवार में और इनके दोस्त इन्हें प्यार से 'नानी' कहकर बुलाते हैं। नानी का मतलब होता है प्यारा इंसान और ये नाम महेश पर बिल्कुल सटीक बैठता है।

### अल्लू अर्जुन

साउथ के अल्लू अर्जुन के फैन फॉलोइंग के क्या कहने। ऑन स्क्रीन इन्हें स्टाइलिश अल्लू अर्जुन के नाम से जाना जाता है। साथ ही अल्लू अर्जुन के घर का नाम 'बनी' है और इनके दोस्त इन्हें इसी नाम से पुकारते हैं।

### राम चरण

साउथ सिनेमा का सुपरस्टार रहे चिरंजीवी के बेटे रामचरण भी अपना काफी नाम कमा चुके हैं और इनकी अपनी अलग फैन फॉलोइंग हैं। ये बॉलीवुड में भी काम कर चुके हैं। ये एक्टर के साथ प्रोड्यूसर और बिजनसमैन भी हैं। इनका स्क्रीन नेम 'मेगा पावर स्टार' है। पर इनका एक नाम फ्रूट के नाम पर है। जी हां, इनके दोस्त और घर के लोग इन्हे 'चेरी' के नाम से पुकारते हैं।

### चिरंजीवी

साउथ सिनेमा के सुपरस्टार चिरंजीवी का भी स्क्रीन निक नेम है। लोग इन्हें प्यार से ऑन स्क्रीन मेगास्टार चिरंजीवी नाम से बुलाते हैं।

# जीशान खान होंगे कंगना की अत्याचारी जेल के नए कैदी



कंगना रणौत की अत्याचारी जेल में आए दिन नए कैदियों की एंट्री होती जा रही है। अली मर्चेंट, मंदना करीमी, अज्मा फहाल और चेतन हंसराज ने बतौर वाइल्डकार्ड 'लॉक अप' में एंट्री ली थी। इन सभी वाइल्डकार्ड में से चेतन हंसराज को नियमों का पालन न करने पर शो से बाहर निकला दिया गया है। वहीं, अब खबरें आ रही हैं कि जल्द दी इस जेल में एक नए कैदी को लाया जाएगा और ये कैदी होंगे जीशान खान।

इससे पहले जीशन खान को 'बिग बॉस ओटीटी' में देखा गया था। शो में जीशन काफी बढ़िया प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन बाद में प्रतीक सहजपाल के साथ हुई लड़ाई ने जीशान का पूरा गेम बिगाड़ दिया। इस लड़ाई की वजह से ही जीशान को घर से निष्कासित कर दिया गया। जीशन का ऐसे शो से बाहर आना जनता के लिए भी काफी शॉकिंग था। ऐसे में जनता ने जीशान को वापस शो में बुलाने की मांग भी की, लेकिन ऐसे नहीं हो पाया। खबरें आ रही हैं कि जीशान जल्द ही 'लॉक अप' में एंट्री लेने जा रहे हैं। अगर जीशन सच में शो का हिस्सा बनने जा रहे हैं, तो उनके पास अपने फैंस को अपना हुनर दिखाने का एक बहुत ही बढ़िया मौका है। 'बिग बॉस ओटीटी' में जीशन शुरुआत के ही हफ्तों में शो से बाहर हो गए थे, ऐसे में वह ज्यादा कुछ जनता को अपने बारे में नहीं दिखा पाए थे। लेकिन उनकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग बन गई थी। 'लॉक अप' का फॉर्मेट 'बिग बॉस' से अलग है, ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि वह इस शो में कुछ नया करके दिखाएंगे।

जीशान खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने जी टीवी के शो 'कुमकुम भाग्य' में आर्यन खन्ना का किरदार निभाया था। इसके अलावा वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और उनका एक वीडियो भी खूब वायरल हुआ था, जिसमें वह बाथरोब पहनकर फ्लाइट में गए थे। इसके अलावा जीशान अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में बने रहते हैं। जीशन रेहाना पंडित को डेट कर रहे हैं, जिनसे वह 10 साल छोटे हैं।

# रश्मि देसाई की टीवी शो नागिन 6 में हुई एंट्री तस्वीरें शेयर कर अपने किरदार का किया खुलासा

**एकता कपूर द्वारा निर्मित मशहूर टीवी धारावाहिक नागिन 6 शुरुआत से ही दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो में बतौर मुख्य किरदार नजर आ रहीं तेजस्वी प्रकाश को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। इसी बीच अब इस शो में एक और मशहूर अदाकारा की एंट्री हो चुकी है। बीते कई समय से नागिन 6 में अपनी एंट्री को लेकर चर्चा में रहने वालीं रश्मि देसाई ने आखिरकार शो के सेट से अभी तस्वीरें शेयर कर यह साफकर दिया है कि वह इस शोका हिस्सा बनने जा रही हैं।**



रश्मि ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों को साझा करते हुए अभिनेत्री ने खुलासा किया कि वह जल्द ही एकता कपूर के शो नागिन ने बतौर लाल नागिन नजर आने वाली हैं। शेयर की गई इन तस्वीरों में रश्मि के अपने किरदार के गेटअप में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री द्वारा शेयर की गईं इन तस्वीरों में रश्मि लाल रंग की पारंपरिक ड्रेस पहनी दिखाई दे रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने नागिन से किरदार से सूट करती हुई हैवी ज्वेलरी भी कैरी की है। अभिनेत्री का यह लुक उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। साथ ही उनके नागिन 6 में आने की खबर से उनके फैंस भी काफी खुश हैं। अभिनेत्री की इन तस्वीरों पर कमेंट करते हुए एक फैन ने लिखा, मैं आपको हमेशा से नागिन के गेटअप में देखना चाहता था। आप बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं एक अन्य फैन ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कमेंट में लिखा, आखिरकार आपके लुक का खुलासा हो ही गया। इसके अलावा अन्य कई फैंस भी रश्मि की तारीफ करते नजर आए।

वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मि देसाई आखिरी बार कलर्स पर ही प्रसारित हुए मशहूर रियलिटी शो बिग बॉस 15 में नजर आई थीं। शो में बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री लेने वाली रश्मि देसाई टॉप 5 में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही थीं। वहीं, शो नागिन 6 की बात करें तो इस शो में प्रथा के किरदार में तेजस्वी प्रकाश नजर आ रही हैं। जबकि रश्मि देसाई लाल नागिन के रूप में बतौर खलनायक का नजर आएंगी।


## जून में 'टाइगर 3' की शूटिंग करेंगे सलमान और शाहरुख खान

सलमान खान और शाहरुख खान अपनी शूटिंग में बिजी हैं। सलमान टाइगर 3 की तो शाहरुख पठान की शूटिंग कर रहे हैं। टाइगर 3 में सलमान के साथ शाहरुख का एक कैमियो सीन भी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों सुपरस्टार इसकी शूटिंग जून में शुरू करेंगे। टाइगर 3 में सलमान के अलावा कटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी नजर आएंगे।

## रणवीर सिंह दुबई एक्स्पो में बॉलीवुड को करेंगे रिप्रेजेंट

UAE में चल रहे दुबई एक्स्पो में आज बॉलीवुड इंडस्ट्री को रणवीर सिंह रिप्रेजेंट करेंगे। इस इवेंट में उनके साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर भी होंगे। वहीं इवेंट में अनुराग रणवीर को फिल्म इंडस्ट्री में कॉन्ट्रीब्यूशन के लिए सम्मान भी करेंगे। इवेंट के बाद रणवीर कॉन्सुलेट जनरल द्वारा होस्ट किए गए डिनर में भी शामिल होंगे।


## किंग खान ने किया 'पठान' का लुक रिवील, बोले- कैसे रोकोगे...एप्स-एब्स सब बना डालूंगा



बॉलीवुड के किंग खान की फिल्म 'पठान' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। कुछ समय पहले 'पठान' का टीजर भी रिलीज किया गया, लेकिन उसमें सिर्फ दीपिका पादुकोण और जॉन अब्रायम ही नजर आए थे। फैंस शाहरुख खान के लुक को देखने के लिए बेताब थे, लेकिन वे सिर्फ बैकग्राउंड में ही उनकी आवाज सुन पाए। अब शाहरुख ने खुद ही अपने फैंस की तमन्ना को पूरा कर दिया है। दरअसल, शाहरुख खान ने अपने 'पठान' के लुक को रिवील कर दिया है, जिसमें वह अपने एब्स फ्लॉन्ट करते नजर आ रहे हैं।

शाहरुख खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी फोटो शेयर की है। फोटो में शाहरुख का अंदाज देखने लायक है। शाहरुख ने शर्टलेस फोटो शेयर की है, जिसमें उनके एब्स साफ दिखाई दे रहे हैं। इसके साथ ही लंबे बाल और ब्लैक सनग्लासेस के साथ उनका टशन अलग ही दिख रहा है। शाहरुख की फोटो ने तो सबका ध्यान अपनी ओर खींचा ही, लेकिन उनके कैप्शन ने लोगों को सोच में डाल दिया कि क्या होने वाला है। दरअसल, उन्होंने डिज्नी प्लस के साथ हो रहे प्रमोशन की टैगलाइन का इस्तेमाल कैप्शन में किया है।

# आरआरआरः महेश बाबू ने फिल्म और इसकी स्टार कास्ट की जमकर की तारीफ, कहा- कल्पना से परे है



बीते कई समय से सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरने वाली फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' के बाद अब इंटरनेट पर हाल ही में रिलीज हुई एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर छाई हुई है। फिल्म को दर्शकों की तरफ से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। यही वजह है कि इस फिल्म ने 2 दिनों में लगभग 200 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। साथ ही कई लोग इस फिल्म की तारीफ करते भी नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में अब साउथ सुपरस्टार महेश बाबू भी फिल्म की तारीफ करने वालों की सूची में शामिल हो गए हैं।

अभिनेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर के जरिए फिल्म की तारीफों के पुल बांध दिए हैं। एक के बाद एक ट्वीट करते हुए अभिनेता ने इस फिल्म की जमकर प्रशंसा की। अपने ट्वीट में महेश बाबू ने लिखा, पूरी टीम को आरआरआर जैसी फिल्म बनाने के लिए सलाम। बहुत गर्व है। मुबारक हो। अभिनेता ने अपने दूसरे ट्वीट में लिखा, जूनियर एनटीआर और रामचरण अपने स्टारडम से ऊपर उठ चुके हैं। फिल्म में उनका प्रदर्शन इस दुनिया से परे है। नाटू-नाटू गाने में ऐसा लग रहा है, जैसे गुरुत्वाकर्षण है ही नहीं। वह वाकई उड़ रहे थे।

अभिनेता महेश बाबू की तारीफों का सिलसिला यहीं खत्म नहीं हुआ। फिल्म और इसकी स्टार कास्ट की जमकर प्रशंसा करने के बाद अभिनेता ने फिल्म के डायरेक्टर एसएस राजामौली की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने तीसरा ट्वीट करते हुए लिखा, एक तरफ फिल्में होती हैं और दूसरी तरफ एसएस राजामौली की फिल्म होती है। आरआरआर अद्भुत है। स्तर, भव्य दृश्य, संगीत और भावनाएं सब कल्पना से परे हैं। कमाल का है और जबरदस्त है।

वहीं, फिल्म की बात करें तो यह फिल्म देशभक्ति पर आधारित है। फिल्म में अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम की कहानी दिखाई गई है, जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत और हैदराबाद के निजाम के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। फिल्म में साउथ अभिनेता रामचरण और जूनियर एनटीआर के अलावा बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट और बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन भी नजर आए हैं।

# यो यो हनी सिंह ने शेयर की इंस्टाग्राम पर फोटो, फिटनेस से किया सबको सरप्राइज



पॉपूलर सिंगर और रैपर यो यो हनी सिंह ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की है, जिसे लेकर वह सुर्खियों में हैं। यह फोटो हनी सिंह के अपने एक शो के हैदराबाद जाने के पहले क्लिक की गई थी। फोटो में सिंगर काफी फिट नजर आ रहे हैं और उनके फैंस सिंगर की फिटनेस को देखकर सरप्राइज हैं।

### सिंगर ने शेयर की फोटो

हनी सिंह ने हाल में दिल्ली में परफॉर्म किया था, जिसके बाद वह तुरंत हैदराबाद में शो के लिए निकल गए। शो से पहले हनी सिंह ने अपनी एक फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की, जिसे देखकर सब सरप्राइज हो गए। इस पिक्चर में सिंगर बिल्कुल पहचान में नहीं आ रहे हैं। कैजुअल आउटफिट में यो यो हनी सिंह अपना सिग्नेचर पोज देते हुए नजर आ रहे हैं।

इस फोटो पर फैंस ने ही नहीं बल्कि हनी सिंह के इंडस्ट्री के दोस्तों ने भी कमेंट्स किए। मनीष पॉल ने लिखा, पाजी और फायर इमोजी, सिंगर जग्गी डी ने लिखा, हां, भाई। अच्छे लग रहे हो। जस्सी सिद्धू ने मजेदार कमेंट किया जट्टा, अब मेरे शरीर की नकल करना बंद करो।

### होली पर वीडियो शेयर कर लिखा, थैंक्स

हनी सिंह आए दिन ही अपने स्टेज शो की वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। इस होली पर सिंगर गोवा में थे, उन्होंने अपने शूट से पहले की वीडियो शेयर की थी, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मेरे सभी फैंस को उनके प्यार और सपोर्ट के लिए धन्यवाद। यह होली अमेजिंग थी। ढेर सारा प्यार।

### बायपोलर डिसऑर्डर से जूझ चुके हैं सिंगर

हनी सिंह को 'चार बोतल वोडका', 'अंग्रेजी बीट', 'ब्लू आइज' और 'मनाली ट्रांस' जैसे सुपरहिट गानों के लिए जाना जाता है। बता दें, करियर के टॉप पर होने के बाद हनी सिंह 2015 में एकदम से गायब हो गए थे। जिसकी वजह उनके नशे की लत और बायपोलर डिसऑर्डर था।















## खास खबर

### श्रमिकों के लिए परिवर्तनशील महंगाई भत्ता निर्धारित

**रायपुर।** श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ शासन द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत अनुसूचित नियोजनों, कृषि नियोजन एवं अगरबत्ती नियोजन में कार्यरत श्रमिकों के लिए महंगाई भत्ते की दरों का निर्धारण लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर एक अप्रैल 2022 से 30 सितम्बर 2022 तक के लिए की गई है और गौरतलब है कि प्रतिवर्ष श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन दरों का निर्धारण दो बार एक अप्रैल और एक अक्टूबर को किया जाता है। श्रमायुक्त छत्तीगसढ़ द्वारा विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत् श्रमिकों के लिए दिनांक एक अप्रैल 2022 से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता निर्धारित की गई है। लेबर ब्यूरो शिमला से प्राप्त औद्योगिक सूचकांक में जुलाई 2021 से दिसम्बर 2021 के मध्य 13 बिन्दू की औसत वृद्धि हुई तदनुसार प्रति बिन्दू 20 रूपये के मान से 45 अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के परिवर्तनशील महंगाई भत्ता में प्रतिमाह 260 रूपए की वृद्धि की गई। कृषि नियोजन मे कार्यरत श्रमिकों हेतु लेबर ब्यूरो शिमला से प्राप्त सूचकांक में 34 बिन्दू की औसत वृद्धि होने से 5 रूपए प्रति बिन्दु के मान से 170 रूपए प्रतिमाह परिवर्तनशील महंगाई भत्ते में वृद्धि की गई है। अगरबत्ती उद्योग में नियोजित श्रमिकों हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में औसत वृद्धि के आधार पर परिवर्तनशील महंगाई भत्ते 4.64 रूपए प्रति हजार अगरबत्ती निर्माण में निर्धारित की गई।

### अंतागढ़ से जगदलपुर तक 3 से 12 अप्रैल तक जारी रहेगी पदयात्रा

**नारायणपुर।** बस्तर संभाग के लिए दल्ली राजहरा-जगदलपुर रेल लाइन लाइफ लाइन मानी जा रही है, बावजूद इसके रेल लाइन का निर्माण 25 वर्षो में केवल दल्लीराजहरा से अंतागढ़ के 06 किमी पहले, ग्राम केवटी तक लौह अयस्क के लिए बिछाई गई है। बाकी बचे पहले चरण का कार्य अधूरा छोड दिया गया है। दल्ली राजहरा-जगदलपुर लंबित रेल लाइन की मांग को लेकर बस्तर रेल आंदोलन संघर्ष समिति के बैनर तले अंतागढ़ से जगदलपुर तक 03 अप्रैल से 12 अप्रैल तक पदयात्रा किया जाएगा, जिसमें अंतागढ़ नारायणपुर कोंडागांव बस्तर जगदलपुर के हजारों लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। उक्त जानकारी बस्तर रेल आंदोलन संघर्ष समिति के संपत झा ने दी। रावघाट-दल्ली राजहरा रेल लाइन परियोजना के विलंब से लागत लगातार बढ़ती जा रही है। परियोजना की लागत 1995 में 369 करोड़ थी जो 2004-05 में 968.6 करोड़ रूपए हो गई, इस परियोजना के प्रथम चरण में 95 किमी. की कुल लागत 134.96 करोड़ थी, दिसंबर 2007 में बढ़कर 304.3 करोड़ हो गई।

# आईआईई ने ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ स्टार्ट-अप बढ़ाने के लिये समझौते पर हस्ताक्षर किये

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना के अनुरूप कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अधीनस्थ भारतीय उद्यमिता संस्थान (आईआईई) ने ग्रामीण युवाओं में स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिये ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।**



समझौते के तहत, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की उप-योजना स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम (एसवीईपी) बेरोजगार ग्रामीणों के लिये स्व-रोजगार के अवसर विकसित कर रही है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण भारत में रोजगार अवसरों को बढ़ावा देना है। ग्राम उद्यमिता प्रोत्साहन के लिये एक सतत मॉडल विकसित करके, कार्यक्रम का लक्ष्य है निर्धन ग्रामीणों (स्वसहायता इको-सिस्टम से सम्बद्ध) को उनका अपना व्यापार शुरू करने के लिये सक्षम बनाना। इस कार्य को एकीकृत आईसीटी तकनीकों तथा प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, व्यापार परामर्श सेवा तथा बेंकों, स्वसहायता समूहों और संघों से ऋण का प्रावधान जैसे उपायों से पूरा किया जायेगा।आईआईई के निदेशक डॉ. ललित शर्मा और ग्रामीण विकास मंत्रालय के निदेशक श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। हस्ताक्षर करने के समय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के सचिव श्री राजेश अग्रवाल, मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुश्री अनुराधा वेमुरी और ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री चरणजीत सिंह उपस्थित थे।

आईआईई, गुवाहाटी, असम एसवीईपी के लिये राष्ट्रीय संसाधन संगठन (एनआरओ) के रूप में काम करेगा तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) को समर्थन प्रदान करेगा, ताकि योजना को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा सके। एनआरओ से आशा की जाती है कि वह एसवीईपी के कार्यान्वयन में दोहरी भूमिका निभायेगा, यानी कार्यान्वयन की भूमिका, जिसमें राज्य के कार्यान्वयन साझीदार के तौर पर ब्लॉक स्तर पर सीधे एसवीईपी का कार्यान्वयन शामिल है। दूसरी भूमिका के तहत कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की भूमिका है, जिसमें आईआईई योजना को बढ़ावा देने के लिये जिम्मेदार होगा। यह योजना ब्लॉक के अनुभव पर आधारित होगी, जिसमें एसवीईपी तथा उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के साथ उनके पहले के अनुभवों को रखा जायेगा।

एसवीईपी का मुख्य लक्ष्य है ग्रामीण स्तर के समुदाय संसाधन व्यक्ति-उद्यमिता प्रोत्साहन (सीआरपी-ईपी) के काडरों को प्रशिक्षण देना तथा एनआरएल और एसएचजी संघों को सीआपी-ईपी के कामों की सीधी निगरानी करने के लिये सक्षम बनाना। कार्यक्रम से ग्रामीण उद्यमियों को एनआरएल, एसएचजी, संघों, मुद्रा सहित बैंकिंग प्रणालियों से अपने उद्यम के लिये सहायता मिलेगी।

समझौता-ज्ञापन पर अपने विचार व्यक्त करते हुये कौशल विकास और उद्यमिता सचिव श्री राजेश अग्रवाल ने कहा, एसवीईपी को आईआईई बड़े पैमाने पर कार्यान्वित कर रहा है, ताकि ग्रामीण युवाओं को जरूरी कुशलता से लैस करके उनका सशक्तिकरण हो तथा स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को प्रोत्साहन मिले। आईआईई के अनुभव से प्रणाली का बेहतर कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा तथा एसआरएलएम को एसवीईपी शुरू करने में समर्थन मिलेगा। हमें विश्वास है कि इससे ग्रामीण भारत में रोजगार के अवसर और बढ़ेंगे, जो हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के अनुरूप होगा, क्योंकि स्टार्ट-अप हमारे सपनों के नये भारत की रीढ़ होंगे।

समझौता हो जाने के बाद ग्रामीण विकास मंत्रालय सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को यह सूचित करेगा कि एसवीईपी के तहत आईआईई को एनआरओ के तौर संस्थापित किया गया है, ताकि विकास को तेजी दी जा सके। इसके अलावा आईआईई, एसवीईपी के राष्ट्रीय संसाधन संगठन के तौर पर एसआलएलएम के साथ मिलकर काम करेगा। कार्यान्वयन के लिये एसवीईपी के आबंटन की जिम्मेदारी आईआईई और सम्बंधित एसआरएलएम की होगी। साथ ही, ग्रामीण विकास मंत्रालय चूंकि कार्यक्रम कार्यान्वयन के लिये एनआरओ को एसवीईपी ब्लॉकों के आबंटन में संलग्न नहीं रहेगा।

# फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन द्वारा निर्यात सम्मेलन का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 26 मार्च 2022 को होटल हयात, रायपुर में फेडरेशन ऑफइंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन द्वारा निर्यात सम्मेलन का आयोजन किया गया।**



निर्यात सम्मेलन का शुभारंभ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री माननीय श्री कवासी लखमा जी द्वारा किया गया जिसमें फिय्रो के निदेशक अजय सहाय, रीजनल चेयरमेन श्री नंदकिशोर कागलीवाल, उपाध्यक्ष श्री खालिद खान की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, मंत्री शंकर बजाज, योगेन्द्र नारंग, निर्मल पटेल सहित छत्तीसगढ़ के अनेक व्यापारी एवं उद्योगपति उपस्थित थे।

निर्यात सम्मेलन में उपस्थित व्यापारियों, उद्योगपतियों, लघु उद्यमियों को आयात-निर्यात के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय बाजार, एमएसएमई की भूमिका और योगदान, पारंपरिक हस्तशिल्प और हथकरघा व्यवसाय के विकास का वैश्विक स्तर पर संभावना एवं आयात-निर्यात में होने वाली समस्याओं का समाधान तथा इसके सरलीकरण पर विस्तृत जानकारी दी गई।

निर्यात सम्मेलन में मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी ने प्रदेश की नीति को दृढ़ता से रखते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है, आज गांवों में स्वसहायता समूह है, युवाओं की टीम है जिन्हें प्रशिक्षण मात्र की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री जी ने आगे कहा कि 11000 पंचायतों में 10500 पंचायतों को चिन्हांकित कर टीम गठित की गई है। पूरे देश को गोबर से धन कमाने की कला को सिखाया है। आज स्वसहायता समूहों द्वारा वर्मी कम्पोस्ड खाद बनाया जा रहा है, गुलाल बनाया जा रहा है, बिजली उत्पादन के नए प्रयास किए जा रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने आगे कहा कि आप एक कदम बढ़ाते हो तो दूसरे चार कदम आगे चलकर आते हैं। उन्होंने निर्यात सम्मेलन में उपस्थित समस्त व्यापारियों एवं उद्यमियों का धन्यवाद कर आव्हान किया की आप सभी आएं और प्रदेश में निर्माण और निर्यात को बढ़ाएं।

निर्यात सम्मेलन में छत्तीसगढ़ चेम्बर के द्वारा प्रदर्शनी में शंकर बजाज द्वारा ख्याति इंडस्ट्रीज प्रा. लि., योगेन्द्र नारंग द्वारा मैग्नीरो ग्लोबल प्रा.लि. एवं श्री नीलेश मूंधड़ा द्वारा अष्टधातु फेरो मेटल्स प्रा.लि. के अलावा विभिन्न कंपनियों द्वारा स्टॉल लगाये गये। चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैसा कि सभी जानते हैं कि छत्तीसगढ़ को लौह, पॉवर एवं सीमेंट तथा धान के उत्पादन के लिए सम्पूर्ण भारत वर्ष में सबसे अग्रणी राज्य में जाना जाता है, प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा व्यापारियों एवं लघु उद्यमियों के हितार्थ लगातार कदम उठाए जा रहे हैं जिसके तहत आज आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव में छत्तीसगढ़ के बहुत से लघु उद्यमियों ने अपने उत्पादों को किसी न किसी के माध्यम से निर्यात करना शुरू किया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा इसके लिए कंट्री ऑफ ओरिजिन सर्टिफिक्रेट दिया जाता है। राजेन्द्र जग्गी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन के निर्देशक एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी का धन्यवाद करते हुए फिय्रो से अनुरोध किया कि एक वृहद एक्सपो सम्पूर्ण छतीसगढ़ के लघु उद्यमियों के लिए आगामी दिनों में आयोजित किया जाय ताकि छत्तीसगढ़ प्रदेश के लघु उद्यमियों को आयात-निर्यात की जानकारी प्राप्त सके।

# छत्तीसगढ़ की उन्नति में सभी लोग अपना योगदान करें - डॉ महंत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चांपा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि शिक्षक गांव में छात्रों को बेहतर शिक्षा दे। महिलाओं की उन्नति के लिए छत्तीसगढ़ सरकार मदद कर रही है। छत्तीसगढ़ की उन्नति के लिए हर नागरिक अपना योगदान दें।वे आज विकासखंड बम्हनीडीह के ग्राम अफ़रीद में 1 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भवन और 4 करोड़ 55 लाख रुपए की लागत से निर्मित 50 सीटर प्रि-मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।**



उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार हर वर्ग के लोगों के विकास के लिए योजनाएं बनाकर उनका क्रियान्वयन कर रही है। डॉ महंत ने कहा कि महिलाओं की उन्नति और उनके आर्थिक विकास सुनिश्चित करने सरकार द्वारा उनके उत्पादित पापड़ ,बड़ी,दोना पत्तल, आदि के विपणन की व्यवस्था कर रही है। उन्होंने महिलाओं का आह्वान कर कहा कि वे अपने काम में थोड़ा समय और लगाएं, उत्पादन बढ़ाए ताकि आपकी आमदनी बढ़ सके। शिक्षकों का आह्वान करते हुए डॉ महंत ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा दे। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उनका आपसी विचार विमर्श से समाधान करें।

इसके पूर्व डॉ महंत ने अफरीद में एक करोड़ 55 लाख रुपए की लागत नवनिर्मित 50 सीटर प्रिमैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास और एक करोड़ पचास लाख रुपए की लागत से बने हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का फीता काटकर विधिवत लोकार्पण किया।

लोकार्पण समारोह को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यनिता चंद्रा,संयुक्त सचिव राजस्व, खेल युवा कल्याण,प्राचार्य संतोष राज, जिला शिक्षा अधिकारी ने भी संबोधित किया और हायर सेकेंडरी स्कूल भवन तथा छात्रावास के उद्घाटन के लिए ग्राम वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती शशि कांता राठौर, चाम्पा नगर पालिका अध्यक्ष श्री जय थवाईत, नगर पालिका जांजगीर नैला के अध्यक्ष श्री भगवानदास गढ़ेवाल, जनपद अध्यक्ष आशा साहू, सर्व श्री दिनेश शर्मा, मनहरण राठौर, विवेक सिसोदिया, रवि पांडे, राघवेंद्र कुमार सिंह, राजेश अग्रवाल, प्रिंस शर्मा, शाशवतधार दीवान, कैलाश दुबे, रामदास वैष्णव,गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# शिशुओं और उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों को हेपेटाइटिस-बी का टीका जरूर लगवाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। स्वास्थ्य विभाग ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शिशुओं और उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों को हेपेटाइटिस-बी का टीका अवश्य लगवाने की अपील की है। हेपेटाइटिस का समय पर इलाज नहीं कराने से यह लिवर-फेलियर (Liver Failure) या लिवर कैंसर का कारण बनता है।**

हेपेटाइटिस एक संक्रामक बीमारी है जो लिवर (यकृत) में सूजन पैदाकर इसे नुकसान पहुंचाता है। अगर हेपेटाइटिस का उपचार समय पर नहीं कराया जाए तो यह घातक हो सकता है। राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रदेश में हेपेटाइटिस संक्रमण से होने वाली बीमारियों की निःशुल्क जांच और उपचार की व्यवस्था है। राज्य में उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक रैपिड डायग्नोस्टिक किट से इसकी जांच की सुविधा है। सभी जिला अस्पतालों और शासकीय मेडिकल कॉलेजों से संबंद्ध अस्पतालों में इसकी निःशुल्क जांच और उपचार किया जाता है। राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र गहवई ने बताया कि मुख्य रूप से चार वायरस ए, बी, सी और ई इस बीमारी के कारक माने जाते हैं। इनमें से हेपेटाइटिस ए और ई कम गंभीर और आमतौर पर अल्पकालिक संक्रमण होते हैं। ज्यादातर मामलों में ये स्वतः ठीक हो जाते हैं। यह दूषित खाना खाने या दूषित जल पीने के कारण होता है। हेपेटाइटिस बी और सी वायरस के अधिक गंभीर प्रकार हैं और ये लिवर में दीर्घकालिक (पुराना) संक्रमण पैदा करता है। हेपेटाइटिस बी या सी वायरस के संक्रमण से यकृत को गंभीर क्षति हो सकती है जो लिवर सिरोसिस से लिवर-फेलियर और कुछ मामलों में यकृत के कैंसर का कारण भी बन सकता है।

डॉ. गहवई ने बताया कि हेपेटाइटिस बी और सी के संक्रमण का प्रसार संक्रमित व्यक्ति से दूषित रक्त हस्तांतरण के माध्यम से फैलता है। नशीली दवाओं के इंजेक्शन और सुइयों के आदान-प्रदान, असुरक्षित ढंग से कान छिदवाने या गोदना गुदवाने, असुरक्षित यौन संबंधों, शेविंग रेजर, नेल कटर इत्यादि को साझा करने से यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। गर्भवती महिला से नवजात शिशु में भी इसका संक्रमण हो सकता है। अधिकांश लोगों में हेपेटाइटिस बी या सी का संक्रमण प्रारम्भिक अवस्था में बिना लक्षणों के होता है। इसलिए इसकी पहचान देर से होती है।

# परंपरागत हुनर और तकनीक के मेल से ग्रामोद्योग में नई संभावनाएं : मंत्री गुरू रूद्रकुमार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार आज दुर्ग जिले के भिलाई में मास्टर कार्ड एवं लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित महिला उद्यमिता एवं प्रौद्योगिक ट्रेनिंग उपरांत अनुदान राशि वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि परंपरागत हुनर और तकनीक के मेल से ग्रामोद्योग में नई संभावनाएं पैदा होंगी और आर्थिक विकास के तेजी से अवसर उपलब्ध होंगे।**



हमारे कारीगर काफी कुशल हैं, उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ दिया जाए और मार्केटिंग एवं अन्य जरूरी चीजों का प्रशिक्षण दिया जाए तो आर्थिक रूप से भी वे अधिक सक्षम होंगे। इस दिशा में विभाग द्वारा बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं।

मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामोद्योग विभाग के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं अपने जीवन में रंग भर रही हैं। विभाग की ओर से समय-समय पर प्रशिक्षण देकर प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह संस्था अच्छा कार्य कर रही है, जिसे देख कर मुझे खुशी महसूस हो रही है और यहां महिलाओं का आत्मविश्वास देखकर ऐसा लग रहा है सरकार के साथ-साथ ऐसी संस्थाएं भी इस दिशा में समाज में अपनी सहभागिता निभा रही है। मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने लर्निंग लिंक्स फाऊंडेशन संस्था और कार्यक्रम में महिलाओं को आश्वस्त किया कि संस्था में प्रशिक्षण उपरांत उन्हें ग्रामोद्योग विभाग के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने लर्निंग लिंक्स फाऊंडेशन द्वारा वी एंड टेक परियोजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को अनुदान राशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त 80 महिलाओं को 5000 रुपये प्रोत्साहन के रूप में राशि प्रदान की।

उल्लेखनीय है कि इस संस्था द्वारा अब तक 11 हजार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु अनुदान राशि प्रदान की गई है। इस अवसर पर विशेष अतिथि पंडवानी गायिका पद्म भूषण श्रीमती तीजन बाई, लीड कंसलटेंट सुश्री शबाना रिजवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।






























## खास-खबर

### बिलासपुर में अनियंत्रित बाइक बिजली खंभे से टकराई, चालक की मौत

**बिलासपुर ( ए )।** तेज रफ्तार से बाइक चलाते समय चालक ने नियंत्रण खो दिया। इससे बाइक सड़क किनारे बिजली खंभे से टकरा गई। हादसा से चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पीएम के लिए भेज दिया। सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम फरहदा के रहने वाला मानसिंह धनवार(35) किसान थे। रतनपुर क्षेत्र में उसके रिश्तेदार के घर शादी कार्यक्रम चल रहा है। शनिवार को मानसिंह अपनी बाइक से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहा था। दोपहर 12:30 बजे रतनपुर के कलमीटार के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। इससे मानसिंह के सिर पर गंभीर चोटे आई। घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। वहां से गुजरने वाले लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम जांच करने मौके पर पहुंची। शव को एंबुलेंस से पीएम के लिए भेज दिया गया। मृतक के स्वजनों को घटना के बारे में जानकारी दी गई।

### घर के अंदर घुसकर पड़ोसियों ने की मारपीट

**बिलासपुर ( ए )।** कोनी थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरताला के रहने वाली गुलाबा बाई यादव(45) ने पुलिस में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि दो मार्च की शाम 6:30 बजे वे अपने पति संतोष यादव और बच्चों के साथ घर पर थीं। महिला बदमाशी करने के कारण अपने बच्चों को फटकार लगा रही थीं। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले शनि यादव, अजय यादव संजय यादव और गायत्री यादव लाठी लेकर गुलाबा बाई के घर के अंदर घुस गए।

जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी से गुलाबा बाई और उसके पति संतोष के साथ जमकर मारपीट की। इससे पति-पत्नी को चोटे आई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ अपराध दर्ज किया था। घटना के बाद सभी आरोपित फरार हो गए थे। पुलिस तलाश में जुटी थी। शनिवार को घेराबंदी कर आरोपित शनि यादव(50) अजय यादव(24) संजय यादव (22) और गायत्री यादव(40) को गिरफ्तार कर लिया गया।

### छेड़छाड़ के आरोपित को तीन साल का कारावास

**दुर्ग।** छेड़छाड़ के एक मामले में न्यायालय ने आरोपित को तीन साल सश्रम कारावास और पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। घटना रानीतराई थाना अंतर्गत ग्राम दरबार मोखली में हुई। प्रकरण के मुताबिक आठ जनवरी 2020 की सुबह की करीब 11 बजे पीड़िता अपने दादी के साथ मछली खरीदने गई थी। मछली खरीदने के बाद अपने एक वर्ष के भाई को लेकर घर लौट रही थी। इस दौरान बोरिंग के पास गांव का रहने वाला आरोपित सुनील कुमार यादव पीड़िता के बांह को पकड़कर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। पीड़िता हाथ छुड़ाकर वहां से भाग निकली और घटना की जानकारी अपने परिवार के सदस्यों को दी। पीड़िता एवं उसके पिता की शिकायत पर पुलिस ने रानी तराई थाना अंतर्गत ग्राम दरबार मोखली निवासी आरोपित सुनील कुमार यादव(26) के खिलाफ धारा 354 (क), 8 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण सुनवाई के लिए न्यायालय में पेश किया। सुनवाई के उपरांत मामले में न्यायालय ने आरोपित सुनील कुमार को तीन वर्ष सश्रम कारावास और पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा नहीं करने पर आरोपित को एक माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### इंदौर से महिला रियल एस्टेट कारोबारी सहित 2 गिरफ्तारः

# लाखों रुपए लेकर हो गए थे फरार, 8 स्थाई वारंट हुए हैं जारी

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में सस्ती में जमीन व मकान दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो रियल एस्टेट कारोबारियों को पुलिस ने मध्यप्रदेश के इंदौर से गिरफ्तार किया है। लाखों रुपए की ठगी करने वाले दोनों आरोपी केस दर्ज होने के बाद से फरार हो गए थे। उनके खिलाफ आठ स्थाई वारंट भी जारी किए गए थे। इस मामले में दो आरोपी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है।



मध्यप्रदेश के इंदौर सुखसागर अपार्टमेंट निवासी अनुराग कोन्हेर व वैदेही कोन्हेर सहित सूरज श्रीवास्तव व अभिजीत अस्तीकार ने मिलकर साल 2011-12 में सीएमडी चौक के पास वैदेही मैनेजमेंट एंड सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी शुरू किया था। शहर के तिफरा सहित कई जगहों पर जमीन का एग्रीमेंट होने का दावा कर उन्होंने प्लॉट व मकान देने की योजना बनाई थी। कंपनी के डॉयरेक्टर और अधिकारियों ने कम रेट पर प्लॉट व मकान की खरीदी बिक्री करने और बैंक लोन दिलाने की बात भी कही थी। उनकी बातों में आकर कई लोगों ने प्लॉट व मकान बुक करा लिए। लेकिन, बाद में पता चला कि न तो उनके पास जमीन है और न ही मकान है। लाखों रुपए देने के बाद जब जमीन की रजिस्ट्री कराने का समय आया, तब कंपनी को बंद कर सभी गायब हो गए थे।

#### इंदौर से पकड़े गए दोनों आरोपी

पुलिस केस दर्ज करने के बाद से आरोपियों की तलाश कर रही थी। इससे पहले भी दोनों आरोपी जमीन खरीद-बिक्री व धोखाधड़ी के केस में गिरफ्तार किए गए थे। बाद में जमानत मिलने पर दोनों गायब हो गए थे। लिहाजा, कोर्ट ने उनके खिलाफआठ स्थाई वारंट भी जारी किया था। पुलिस को पता चला अनुराग कोन्हेर और वैदेही कोन्हेर इंदौर में है। पुलिस ने वहां दबिश देकर उन्हें पकड़ लिया और शनिवार को बिलासपुर ले आई। इस मामले में फरार सूरज श्रीवास्तव अभिजीत आस्तीकर को पुलिस अब तक नहीं पकड़ पाई है।

#### रिटायर्ड रेलकर्मी से भी की थी 95 लाख रुपए की ठगी

सरकंडा के लिंगियाडीह निवासी सदनकुमार बनर्जी (69) ने 30 अक्टूबर 2021 को तारबाहर थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था। उन्होंने पुलिस को बताया कि कंपनी ने उन्हें जमीन व मकान दिलाने का झांसा दिया था। उन्होंने एग्रीमेंट कर कंपनी के बैंक खाते में 95 लाख रुपए जमा किया था। लेकिन, न तो उन्हें जमीन मिली और न ही रुपए वापस किए गए। उनकी रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज किया था, तब से आरोपी फरार थे।

## ट्रेन के रास्ते रायपुर पहुंचे लाखों की चोरी कर हुए फरार सीसीटीवी कैमरे में हुई वारदात



**रायपुर।** राजधानी में गुरुवार-शुक्रवार की रात एक साथ तीन दुकानों में चोरी की वारदात हुई। पुलिस को मामले में अलग-अलग सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। वहीं कुछ संदेहियों से पुलिस पूछताछ भी कर रही है। आरोपितों को पकड़ने गंज थाने की तीन टीम और एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की तीन अलग-अलग टीमें काम रही हैं। अब तक कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला है।

उल्लेखनीय है कि ट्रेन के रास्ते से आरोपित रायपुर पहुंचे थे। इसके बाद दिनभर क्षेत्र का भ्रमण किया। रात 10 बजे भी वे एक बार दुकान के आस-पास गए। बंद होने का इंतजार करने लगे। दुकान बंद होने के बाद वहां बल्ली लगाकर छत से पूछे गए और वहां का दरवाजा तोड़कर लाखों की चोरी की गई।

#### ओडिशा के गैंग पर शक

पुलिस को ओडिशा के गैंग पर शक है। घटना स्थल से कुछ चीजें बरामद हुई हैं जो ओडिशा की हैं। हालांकि पुलिस सभी दिशाओं में काम कर रही है। इतना ही नहीं पुराने चोर, बदमाशों पर भी नजर रखे हुए है। संदेहियों को भी बुलाया जा रहा।

#### किसी के पास नहीं था बैग

तीन चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। जब वह अंदर प्रवेश किए तो उनके पास कोई बैग नहीं था। दुकान में रखे बैग में पूरा पैसा भर कर चोर बाहर निकले। इसके बाद यह स्टेशन की तरह न जाकर पैदल की जेल रोड की तरफ निकले। इसके बाद आटो से निकल गए।

#### एक ही दुकान से चार लाख से ज्यादा की चोरी

चोरों ने तीन दुकानों को अपना निशाना बनाया है। इसमें मनन इंटरनेशन मशीनरी से 84 हजार की चोरी हुई, कोठारी मिल से चार लाख 10 हजार और जेके मशीनरी दुकान से 57 हजार रुपये की नगदी चोरी की वारदात हुई।

गंज थाना प्रभारी दुर्गेश रावटे ने कहा, मामले की जांच में टीम लगी है। कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां हाथ लगी हैं। जिसके आधार पर काम किया जा रहा।

## डेढ़ साल पहले पत्नी की मौत के मामले में पति गिरफ्तार

**कोरबा ( ए )।** प्रेमनगर निवासी 25 वर्षीय एक महिला ने डेढ वर्ष पहले फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। मामले में जांच के बाद उसके पति को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने पर धारा 306 के तहत गिरफ्तार किया। मामला रजगामार पुलिस चौकी अंतर्गत प्रेमनगर का है। यहां निवासरत मधु कश्यप पति हीरालाल कश्यप 25 साल ने दिसंबर 2020 में अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली थी। शव पोस्टमार्टम कराने के मामले की विवेचना की जा रही थी। इस दौरान मृतिका मधु कश्यप के पिता, मां व भाई द्वारा अपने बयान में बताया कि मधु कश्यप का पति हीरालाल कश्यप के द्वारा द्वारा वर्ष 2011 में मधु को भगा कर अपने साथ ले आया था तथा पत्नी बनाकर अपने साथ रखा हुआ था। शादी के बाद हीरालाल का व्यवहार मृतिका के प्रति बदल गया। वर्ष 2020 में पैरा काटते वक्त मृतिका का उंगली पैरा काटने वाले मशीन से कट गई, तब मृतका की मां रमाबाई अपने लड़का के साथ रजगामार आई और मधु को अपने साथ अपने घर ग्राम मिस्दा थाना नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा ले गई। इस दौरान हीरालाल उसे फोन कर कहता था कि तुम वापस मत आना, यदि तुम वापस आओगी तो तुमको जान से मार दूंगा।

# बिहार में आटोमोबाइल व्यापारी की हत्या कर रायपुर में छिपा आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** बिहार के गया जिला में 35 वर्षीय आटो व्यापारी अमित कुमार सिंह की हत्या के आरोपित को रायपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपित बिगन राम यहां एक आइएएस अधिकारी के यहां खाना बनाने का काम कर रहा था। हत्यारोपित एक माह पहले आटोमोबाइल व्यापारी गौरी शंकर सिंह की हत्या कर फरार हो गया था। उसके बाद से ही बिगन राम की खोज चल रही थी।



मोहनपुर थाना क्षेत्र के हादे गांव में 22 फरवरी को अमित कुमार सिंह (35) का शव मिला था। हत्या के बाद आरोपित रायपुर में आकर रहने लगा था। वह अपने स्वजनों से लगातार फोन पर बात करता था। इसी की सहायता से बिहार पुलिस ने रायपुर पुलिस को सूचित किया। रायपुर की गंज थाना पुलिस की मदद से आरोपित को शनिवार दोपहर गिरफ्तार किया गया। प्रोडक्शन रिमांड में पेश करने के बाद आरोपित को लेकर बिहार पुलिस रवाना हो गई है।

दस साल पहले वह दिल्ली से लौट कर गया में एक ट्रैक्टर एजेंसी में काम करने लगा। तेज तर्रार अमित बाद में साझेदारी में पावर टेलर व ट्रैक्टर का व्यवसाय गया के फतेहपुर रोड में अकेले शुरू किया। उसका व्यवसाय फतेहपुर, डुमरिया, वजीरगंज आदि इलाकों में बेहतर ढंग से चल रहा था। हत्या को जिस रूप में अंजाम दिया गया, उससे प्रतीत हुआ कि हत्यारों को अमित से काफी खुन्नस थी। इसी कारण बेरहमी से हत्या की गई।

#### आईएएस के घर हत्या का आरोपी बनाता था खाना

हत्या का आरोपित बिगन राम वारदात करने के बाद रायपुर आ गया था। इसके बाद वह कुछ लोगों की पहचान से आईएएस के घर खाना बनाने के काम में लगा गया। हत्या के आरोपित के बारे में किसी को पता तक नहीं चला। लगभग एक महीने से एक आईएएस के घर खाना बना रहा था। वहीं उसका किसी भी तरह का वेरीफिकेशन तक नहीं करवाया गया। आरोपित के बारे में जब पता चला तो सब हैरान रह गया। आगे की जांच में यह भी सामने आ सकता है कि आखिर हत्या का आरोपित किसके जरिए यहां तक पहुंचा। आइएएस अफसर के यहां काम पर कौन लगवाया।

## चोरी की 11 बाइक के साथ 5 गिरफ्तार सिलेंडर और फ्रिज भी बरामद

**बिलासपुर ( ए )।** दूसरे जिलों में घूम-घूमकर बाइक चोरी कर बिलासपुर में बेचने वाले गिरोह के पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से पांच बाइक के साथ ही तीन गैस सिलेंडर, फ्रिज भी बरामद किया गया है। आरोपी जांजगीर-चांपा, भिलाई, रायपुर सहित अन्य जिलों से बाइक चोरी कर शहर में बेचने की फिराक में थे। मामला सिटी कोतवाली थाने का है। शहर में पिछले कु समय से बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ गई थी। इसे देखते हुए पुलिस अफसरों ने सभी थाना प्रभारियों के साथ ही एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट टीम को बाइक चोर गिरोह की तलाश करने के निर्देश दिए थे। कोतवाली पुलिस की टीम ने कु संदेहियों को पकड़कर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट टीम को दिया। उनसे पूछताछ की गई, तब बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पता चला। पकड़े गए युवकों ने कोर्ट के साथ ही दूसरे जिलों से बाइक चोरी करने की जानकारी दी।

पुलिस ने उनके पास से चोरी की 11 बाइक जब्त किया है। जिसमें से पांच गाड़ियां दूसरे जिले की है। पकड़े गए आरोपियों में कोनी के देवनगर निवासी अमन उर्फ बिल्लू श्रीवास्तव (22), सरकंडा के कुंदरूबाड़ी निवासी किशन जांगड़े (20), सरकंडा के बंधवापारा निवासी अजय उर्फ सोनू यादव (28), तिफरा के मन्नाडोल निवासी सुकालू साहू (19), तिफरा निवासी वीरेंद्र उर्फबऊआ चौहान शामिल हैं।

पुलिस अफसरों ने बताया कि बाइक चोरी कर गिरोह दूसरे जिलों में जाकर छिपा देते हैं और मौका पाकर वहां आसपास के इलाकों में बेच देते हैं। ऐसे में पुलिस जिले में बाइक की तलाश करती रहती है, लेकिन उसका पता नहीं चलता था। टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि आशंका है कि शहर के साथ ही दूसरे जिलों में भी ऐसे गिरोह सक्रिय हैं, जो बाइक चोरी कर दूसरे जिलों में खपा रहे हैं।

## एक्टिवा की डिक्की में रखे जेवर पार पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का मामला

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में उठाईगिरी गैंग सक्रिय है। पुरानी बस्ती थाना इलाके से एक गाड़ी की डिक्की में रखे हजारों रुपये के जेवर बदमाशों ने पार कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले उठाईगिरी की दो बड़ी वारदातें हो चुकी हैं। पुलिस के हाथ खाली हैं।

राम नारायण सोनी ने पुरानी बस्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। मिली जानकारी के अनुसार राम नारायण श्रीराम नगर चंगोराभाठा में निवासी हैं। उनका सोने-चांदी के जेवर बनाने व बिक्री करने का काम है। उनके रिश्तेदार संदीप सोनी ने शुक्रवार को फोन कर बताया कि समता कालोनी चलना है। एक ग्राहक का आर्डर आया है। वह पायल, बिछिया, नोज पिन खरीदना चाहती हैं।

राम नारायण दोपहर को 30 नग चांदी की पायल, अंगूठी, बिछिया कुल वजनी लगभग दो किलो और सोने की नोज पिन तीन ग्राम को एक बैग में रखकर अपनी एक्टिवा की डिक्की में रख दिया। जेवर की कुल कीमत लगभग 60 हजार रुपये थी। इसके बाद राम नारायण विजय सोनी की दुकान कुशालपुर गया।

15 से 20 मिनट बाद संदीप सोनी के घर शीतला मंदिर के पास कुशालपुर गए। घर के सामने गली में एक्टिवा खड़ी करके घर के अंदर गए। 10 मिनट में संदीप के साथ बाहर निकला। गाड़ी में बैठा तो सीट के दबने की आवाज हुई। संदेह हुआ तो डिक्की खोलकर देखा तो अंदर रखा जेवर से भरा बैग नहीं था। अज्ञात चोर डिक्की खोलकर जेवर चुरा ले गया।

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875
99938-08453
75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी वियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राइक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. - 82349 - 21000

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### एन.सी.सी. सी. प्रमाण पत्र प्रायोगिक परीक्षा दी 596 कैडेट्स ने, कल होगी सैद्धांतिक परीक्षा



**दुर्ग ।** दुर्ग 37 सी. जी. एन.सी.सी. बटालियन दुर्ग के अंतर्गत आने वाले 10 महाविद्यालय एवं 01 सी. जी. आर. व्ही. बटालियन अंजोरा तथा 38 एन.सी.सी. बटालियन राजनांदगावं के एन.सी.सी. तृतीय वर्ष के कैडेट्स द्वारा सी प्रमाण पत्र प्रायोगिक परीक्षा सेंट थामस महाविद्यालय, रूआबांधा भिलाई में आफ्लाइन मोड पर दी गई है। इस परीक्षा में 37 सी. जी. बटालियन दुर्ग के सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग छात्र एवं छात्रा कैडेट्स 01 सी. जी. आर. व्ही बटालियन अंजोरा के कैडेट्स तथा 38 सी. जी. बटालियन राजनांदगांव के 10 महाविद्यालयों के सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग छात्र एवं छात्रा कैडेट्स सहित कुल 596 कैडेट्स सी. प्रमाण पत्र परीक्षा में सम्मिलित हुए। सी प्रमाण पत्र परीक्षा के प्रिसाइडिंग आफिसर 27 सी. जी. बटालियन रायपुर के कर्नल चेतन गुरुबक्श तथा परीक्षा के बोर्ड मेम्बर में कर्नल अजय धवन 09 सी. जी. बटालियन जगदलपुर के संयुक्त मार्गनिर्देशन में छात्र कैडेटो की व्यवहारिक व सैद्धातिक परीक्षा ली गई । संपूर्ण परीक्षा का संचालन व प्रबंध 37 सी. जी. बटालियन दुर्ग के आफिसर कमाडिंग कर्नल हेमंत दुबे तथा प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेट कर्नल आर. सेतू माधवन के द्वारा बटालियन के सूबेदार मेजर भूपति थापा एवं अन्य पी. आई. स्टाफ जे. सी. ओ. एवं एन. सी. ओ. को दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार एवं बटालियन के अधीन आने वाले 10 महाविद्यालयों के एन.सी.सी. अधिकारियों के संयुक्त सहयोग से प्रबंध व्यवस्था और परीक्षा कार्य संपन्न किया गया। परीक्षा के प्रथम दिवस आज कैडेट्स की फुटड्रील आर्मड्रील डब्लू टी. (वेपन हथियार पर परीक्षा) मैप रीडिंग एवं फिल्ड क्राप्ट एवं फिल्ड ट्रेनिंग की परीक्षा प्रात 7.30 बजे से प्रारंभ हुई । परीक्षा के द्वितीय दिवस रविवार को सैद्धांतिक परीक्षा 03 घंटे की आयोजित की गई है। सेंट थॉमस महाविद्यालय परिसर में एनसीसी कैडेट्स सी प्रमाण पत्र परीक्षा के सफल आयोजन पर महाविद्यालय के प्रशासक वेरीरेवरेंट फादर डॉक्टर जोशी वर्गिस एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एम जी रोईमोन ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी कैडेट्स को शुभकामनाएं दी है।

### देवांगन दंपति ने नाती के जन्मदिन समारोह पर किया देहदान

**भिलाई।** भिलाई तालपुरी डीएल 370,बी ब्लॉक निवासी बीएसपी के सेवानिवृत वित्त अधिकारी बीपी देवांगन एवं उनकी श्रीमती मंजू देवांगन ने नाती के जन्मदिन समारोह के दौरान देहदान कर मानवता की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की है। देवांगन दंपत्ति ने सामाजिक संस्था प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के माध्यम से एम्स रायपुर के नाम देहदान की वसीयत जारी की। सपत्नीक देहदान की अभिनव पहल के बारे में देवांगन दंपत्ति ने कहा कि, मरने के बाद जिंदा समाज की भलाई के लिए कुछ काम आ सके, यही हमारा मानवधर्म है,जिसका हम पालन कर रहे है। देहदान के लिए जारी की जाने वाली वसीयतों में देवांगन दंपत्ति ने साक्षी रिश्तेदार के रूप में परस्पर एक दूसरे की वसीयतों में हस्ताक्षर कर भावनात्मक सहयोग प्रदान किया। इस दौरान उनकी बेटियां भावना एवं मिताली,दामाद ऐश्वर्य व मुदित,भाई प्रहलाद देवांगन एवं गायत्री देवांगन के अलावा बड़ी संख्या में परिजन एवं पारिवारिक मित्र समारोह में मौजूद थे।

# बीएसपी के 255 मेधावी छात्रों को प्रधानमंत्री ट्रॉफी व छात्रवृत्ति वितरित

## डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता ने दी बधाई, सेल बीएसपी के शिक्षा विभाग का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के षिक्षा विभाग द्वारा 26 मार्च, 2022 को प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री ट्रॉफी छात्रवृत्ति वितरण समारोह 2020-2021 का आयोजन कलामंदिर में किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में इस समारोह में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की।



समारोह में कुल 255 प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री ट्रॉफी छात्रवृत्ति, प्रधानमंत्री ट्रॉफी सर्वोत्तम छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया। बीएसपी द्वारा सेल व प्रधानमंत्री ट्रॉफी छात्रवृत्ति के तहत कुल 40.26 लाख रुपये वितरित किये गये।

संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता सहित संयंत्र के कार्यपालक निदेषक, मानस बिस्वास, कार्यपालक निदेषक डॉ एस के इस्सर, कार्यपालक निदेषक ए के भट्टा, कार्यपालक निदेषक , के के सिंह, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी डॉ ए के पंडा मंचस्थ थे और इन्होंने छात्रवृत्ति का वितरण किया। इसके अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक यू के झा, ऑफिसर्स एसोसिएषन के अध्यक्ष एन के बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह के साथ ही संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, सहित यूनियन के पदाधिकारीगण और भारी संख्या में सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों के पालकगण, षिक्षा विभाग के अधिकारी और कार्मिक भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने सारगर्भित सम्बोधन में मुख्य अतिथि व भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता ने छात्रवृत्ति पाने वाले भिलाई के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री दासगुप्ता ने आशा व्यक्त की कि यह छात्रवृत्ति आपको आगे बढ़ने का हौसला देगा और आपके कैरियर को गढ़ने में मदद करेगा।

श्री दासगुप्ता ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि 2 वर्ष बाद हम सब मिल पा रहे हैं भिलाई की अपनी संस्कृति और संस्कार है, भिलाई सबसे अलग है, भीड़ में भी भिलाई के बच्चे अपने संस्कारों के कारण सबसे अलग नज़र आते है यही बात है जो पूरे विष्व में भिलाई के बच्चों को एक अलग पहचान देती है। उन्होंने कहा कि बाहर विदेषों में बसे भारतीयों का एक अलग श्रेष्ठ प्रदर्षन दिखता है। भारतीय बहुत मेहनती, लगनषील और संस्कारी होते है इसलिए विष्व में कहीं भी अपने कठिन परिश्रम के कारण सबसे श्रेष्ठ नजर आते है।

## छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो को इस वर्ष मिला पांच स्वर्ण पदक



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो को इस वर्ष अभूतपूर्व सफलता मिली हैं भारतीय साइकिल पोलो महासंघ द्वारा 8वीं सब जूनियर बालिका 24वीं जूनियर बालिका तथा 22वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय साइकिल पोलो चौंपियनशिप का आयोजन 15 से 17 मार्च तक घड़साना राजस्थान में किया गया।

इसमें छत्तीसगढ़ के तीनों ही दलों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चौंपियन बनकर विजेता ट्राफी पर कब्जा किया, वही पुरुष वर्ग में भारतीय सायकल पोलो महासंघ द्वारा 36वीं सब जूनियर बालक 40 मी जूनियर बालक तथा 42वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय साइकिल पोलो चौंपियनशिप का आयोजन 17 फरवरी से 20 फरवरी तक मैसूर (कर्नाटका) में किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के तीनों ही. दलों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर बालक तथा जूनियर बालक दल ने राष्ट्रीय चौंपियन बनकर विजेता ट्राफी पर कब्जा किया तथा सीनियर पुरुष वर्ग में चौथा स्थान प्राप्त हुआ।

सीनियर महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ ने फाइनल में केरल को एक तरफा मुकाबले में 10 -1 से परास्त किया। जूनियर बालिका वर्ग के फाइनल में छत्तीसगढ़ ने केरल को 5 -1 से परास्त किया । सब जूनियर वर्ग बालिका वर्ग के फाइनल में छत्तीसगढ़ ने केरल को 4-1 से पराजित किया । जूनियर बालक वर्ग के फाइनल में छत्तीसगढ़ ने उत्तर प्रदेश को 6-4 से परास्त कर राष्ट्रीय चौंपियन बनी । सब जूनियर बालक वर्ग में फाइनल में छत्तीसगढ़ ने उत्तर प्रदेश को 8- 3 से परास्त कर विजेता ट्राफी पर कब्जा किया।

## तितुरडीह स्कूल में सभापति राजेश यादव ने 28 छात्राओं को वितरित किया साइकिल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शासकीय उ.माध्यमिक विद्यालय तितुरडीह स्कूल में शासन की सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत छात्राओं को सायकल वितरण का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम के अतिथि के रूप में सभापति राजेश यादव उपस्तित रहे।

इस दौरान सरस्वती सायकल योजना के तहत 28 छात्राओं को सायकल का वितरण किया। इस दौरान सभापति राजेश यादव ने कहा कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय में दूरदराज से छात्राएँ अध्ययन हेतु आते है और उनको शासन द्वारा सायकिल प्रदान किया गया,यह निश्रित ही उनके लिए लाभदायक होगी। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मनदीप सिंह भाटिया,पार्षद अमित देवांगन, बिजेंद्र भारद्वाज,एल्डरमेन अजय गुप्ता,प्राचार्य जेआर साहू,राजेश श्रीवास्ताव समेत शिक्षक,शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ शासन की महत्ती योजना सरस्वती सायकल योजना के तहत 86 छात्राओं को वितरित की गई साइकिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जोन 2 खुर्सीपार में छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र यादव के प्रतिनिधि एवं एमआईसी सदस्य एकांश बंछोर प्रभारी लोक कर्म एवं अध्यक्षता आदित्य सिंह एमआईसी सदस्य प्रभारी शिक्षा एवं खेलकूद ने किया ।

इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि के कोटेश्वर राव पूर्व ब्लाक अध्यक्ष भूपेंद्र यादव अध्यक्ष जोन क्रमांक 4, के जगदीश कुमार पार्षद, शुभम झा पार्षद, डी कामराजू महामंत्री एवं पार्षद प्रतिनिधि एम



गोपाल राव पार्षद प्रतिनिधि जनार्दन प्रसाद कार्यकारी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खुर्सीपार पी राजा महामंत्री एआईवाईसी विशेष रूप से उपस्थित थे ।

शाला के 86 छात्राओं को साईकिल वितरित मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने किया गया । एकांश बंछोर ने शाला परिवार के समस्त शिक्षक, शिक्षकाएँ शाला विकास समिति के समस्त पदाधिकारियों को बधाई दी। जिले की सबसे उत्कृष्ट कार्य करने वाले पूरे जिले में इस स्कूल का नाम दर्ज होने की बात कही। अध्यक्षता कर रहे आदित्य सिंह इस स्कूल के बेहतर विकास के लिए नगर निगम नगर प्रशासन, जिला प्रशासन व छत्तीसगढ़ शासन से हर सुविधाएं मुहैया कराने की बात कही। कार्यक्रम को पूर्व ब्लाक अध्यक्ष के कोटेश्वर राव ,डी कामराजू, शब्बीर अहमद , सुरेश बॉक्सर, नासिर सिद्दीकी , नीलकंठ देशमुख ने भी संबोधित किया और छत्तीसगढ़ शासन की इस योजना को महत्वपूर्ण बताया । कार्यक्रम का संचालन शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुरलीधर एवं आभार श्रीमती कौशल्या देवी ने व्यक्त किया ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से असगर भाई ,अय्यूब भाई,पवन कोसले ,पी राजा स्कूल के प्रभारी ननोरिया मैडम ,बरवे मैडम गायत्री मेडम सिंह मैडम ,देवांगन गुरुजी जोशी गुरुजी शहीत सभी स्टाफ उपस्थित थे।

### प्रतियोगिता: अखिल भारतीय महापौर हॉकी ट्रॉफी कल से

## महापौर ने प्रभारी व अधिकारियों के साथ किया कार्य स्थल के तैयारियों का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** महापौर धीरज बाकलीवाल ने महिला समृद्धि बाजार के सामने सिविल लाइन मैदान में 28 मार्च से 31 तक होने वाले अखिल भारतीय हॉकी टूनामेंट की तैयारियों को लेकर प्रभारी व अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। हॉकी प्रतियोगिता स्थल कार्य तैयारी को देखकर महापौर ने खुशी जाहिर की। 28 मार्च को दुर्ग निगम क्षेत्र का पहला अखिल भारतीय महापौर हॉकी ट्रॉफी प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक अरुण वोरा द्वारा किया जाएगा। अखिल भारतीय महापौर ट्राफी महापौर कप हॉकी प्रतियोगिता टूनार्मेंट में भाग लेने वाली टीमें महापौर द्वितीय दुर्ग,बिलासपुर,राजनाँदगाव,रायपुर,डी.एच. ए. दुर्ग.कवर्धा,कुरूद, रायगढ़,भुसावल महाराष्ट्र,कोरबा,सिवनी,झारखंड,जगदलपुर,अम रावती महाराष्ट्र,छग पुलिस,बालाघाट एमपी शामिल है।

महापौर श्री बाकलीवाल ने कहा युवाओं को हॉकी से जुड़ने की प्रेरणा मिलेगा। शहर के



खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए यह स्पर्धा आयोजित की जा रही है।

निरीक्षण के मौके पर मौजूद सभापति राजेश यादव,शिक्षा विभाग व खेल विभाग प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया, दीपक साहू,हमीद खोखर, बिजेंद्र भारद्वाज, कार्यपालन अभियंता नेमीचंद जैन,नोडल अधिकारी प्रकाश चंद थावनी, गिरीश दीवान,जनसंपर्क अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,शौएब अहमद,जिला संघ अध्यक्ष अंसार अहमद, जिला हॉकी संघ गुलाब रहमानी,विनोद वाघ, अजय जनजेवाल,सुरेमनी मिश्रा 28 मार्च से 31 मार्च तक स्पर्धा का आयोजन किया गया तय आयोजित है।







# कर प्रक्रिया में परिवर्तन से बदलेगा सीए का रोल - सुरेश कोठारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आने वाले कुछ ही वर्षों में ई प्रक्रिया के जरिए लेखाकर्म की पूरी दुनिया बदलने वाली है। ई-इनवायसिंग, ई फाइलिंग, ई-अकाउंटिंग और पे-रोल डेटा शेयरिंग जैसे उपायों से लगभग सभी लेनदेन का डेटा सरकार के पास होगा। आर्टिफिशल इंटेलीजेंस की मदद से सरकार खुद ही बैलेंस शीट बना लेगी। इससे चार्टर्ड अकाउन्टेंट्स की भूमिका भी बदल जाएगी।

उक्त बातें आज वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए सुरेश कोठारी ने आईसीएआई भवन में व्यक्त किये। सीए कोठारी सीआरआरसी की भिलाई शाखा द्वारा भारत में आयकर के भविष्य पर आयोजित व्याख्यान माला को संबोधित कर रहे थे। वे दुर्ग टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं।



वैद्यनाथन अय्यर स्मृति व्याख्यान माला की इस कड़ी का आयोजन टेक्नोलॉजी, पारदर्शिता एवं कर नीति के परिप्रेक्ष्य में आयोजित की गई थी। सीए सुरेश कोठारी ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के लागू होने के बाद सभी प्रकार का डेटा सरकार के पास होगा। सरकार खुद आपकी बैलेंस शीट बनाकर आपको भेजने की स्थिति में होगी जिसका स्पष्टीकरण एक निर्धारित समय में देना होगा। इसमें सीए की बड़ी भूमिका हो सकती है। उन्होंने बताया कि टैक्स सिस्टम में भी ब्लाक चेन टेक्नोलॉजी को एडॉप्ट कर लिया गया है। इसमें एक बार जो डेटा आया वह फ्रीज हो जाएगा, उसे बदला नहीं जा सकेगा। एनालिटिकसल सॉफ्टवेयर के साथ ही आर्टिफिशल इंटेलीजेंस का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है।

प्रोजेक्ट इन्साइट की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि इससे उन लोगों को आयकर के दायरे में लाया जा सकेगा जो लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं या निवेश कर रहे हैं पर कर दाता नहीं हैं। 2016-17 में शासन ने ट्रायल बेसिस पर ऐसे 67.5 लाख लोगों की पहचान की थी जो टैक्स रिटर्न फाइल नहीं करते पर जिनका आय-व्यय टैक्स के दायरे में आता है। पिछले वर्ष के आंकड़े बताते हैं कि केवल 1.46 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया था। सरकार का लक्ष्य कम से कम 10 फीसदी लोगों (लगभग 14 करोड़ लोगों) को कर के दायरे में लाने का है। उन्होंने बताया कि कृषि से होने वाली आय का जो ब्यौरा हम भरते हैं, वह देश की सकल घरेलू उत्पाद के बराबर है। सरकार की मंशा ऐसे किसानों को कर के दायरे में लाने की है जिनके परिवार के पास 50 एकड़ से अधिक कृषि भूमि है। सभी संपत्तियों को आधार से लिंक किया जा रहा है ताकि बेनामी संपत्ति की समस्या से निजात मिले।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950